

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 247

ग्वालियर, शुक्रवार 27 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## विश्व बैंक ने साफ किया, अब श्रीलंका को कोई नया कर्ज नहीं दिया जाएगा

**कोलंबो।** श्रीलंका का संकट कम नहीं हो रहा है। आर्थिक मदद के लिए श्रीलंका विश्व बैंक की तरफ दे रहा है। लेकिन विश्व बैंक के ताजा बयान से श्रीलंका को झटका लग सकता है। वर्ल्ड बैंक ने




साफ किया हैं, कि वह श्रीलंका को कोई नया कर्ज नहीं देगा। दरअसल, अपने बयान में विश्व बैंक ने दो टूक कह दिया है कि आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को तब तक नया कर्ज नहीं देगा, जब तक कि देश की अर्थव्यवस्था संबंधी पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनाती हैं। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि विश्व बैंक श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए 'ब्रिज लोन' या नया लोन के देने के बारे में योजना बना रहा है। हालांकि बैंक ने कहा कि वह पहले से आवंटित संसाधनों में परिवर्तन कर रहा है, ताकि आवश्यक दवाएं और अन्य नकद सहायता दी जा सके। विश्व बैंक ने कहा, हाल में मीडिया में आई खबरों में कहा गया था कि विश्व बैंक 'ब्रिज लोन या नई कर्ज प्रतिबद्धताओं के रूप में श्रीलंका की मदद करने जा रहा है, यह गलत है। विश्व बैंक ने कहा, हमें श्रीलंकाई लोगों की चिंता हैं, हम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक स्थिरता बहाल करने के लिए उचित नीतिगत सलाह दे सकें।

# चेन्नई में बने 1,152 मकानों का पीएम मोदी कर रहे उद्घाटन

### अमेरिका और फिनलैंड तकनीक से हुए तैयार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को चेन्नई में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत बने 1,152 मकानों का उद्घाटन कर रहे हैं। ये मकान 116 करोड़ रुपये की लागत से लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बने हैं। इस परियोजना में पूर्व निर्मित क्रांकीट निर्माण प्रणाली का उपयोग किया गया है। इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल अमेरिका और फिनलैंड में किया जाता है। देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निर्माण क्षेत्र में नए जमाने की ग्लोबल तकनीक, मटीरियल और प्रोसेस का बेहतर उपयोग किया गया है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत देश के छह शहरों में गरीबों के लिए किफायती मकान बनाए जा रहे हैं। इसमें अलग-अलग देशों की तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। पीएम ने पिछले साल एक जनवरी को देश भर में 6 स्थानों पर 'लाइट हाउस परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी। उन्होंने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज-इंडिया के तहत अगरतला (त्रिपुरा), रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), इंदौर(मध्यप्रदेश), राजकोट (गुजरात) और चेन्नई (तमिलनाडु) में लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी थी। इसके तहत हर शहर में इस तरह के एक हजार आवासों का निर्माण होना है। मोदी नियमित रूप से इस प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहे हैं।

इस परियोजना की आधारशिला रखकर मोदी ने कहा था कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स में सबसे बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल हो रहा हैं, इस परियोजना से अर्बन हाउसिंग की जरूरतें पूरी होंगी। इस परियोजना पर हर देशवासी को गर्व होगा कि विकास को गति देने के लिए हाई-एंड तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। रांची में जर्मनी के 3डी कंस्ट्रक्शन सिस्ट्म्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी तरह अगरतला में न्यूजीलैंड की स्टील फ्रेम टेक्नोलॉजी का प्रयोग हो रहा है। लखनऊ में कनाडा की तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट केंद्रीय शहरी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है।

## तेलंगाना में पीएम मोदी ने की योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरुवार को राज्य के सीएम के. चंद्रशेखर राव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेलंगाना का आंदोलन इसलिए नहीं चला था कि कोई एक परिवार राज्य के लोगों के सपनों को कुचलता रहे। कोई एक ही परिवार साम-दाम-दंड-भेद का रास्ता अपनाकर तेलंगाना को तबाह करने की साजिश रचता रहे। इस दौरान उन्होंने केसीआर को अंधविश्वासी बताया तो वहीं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, %मैं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तेलंगाना की धरती से बधाई देना चाहूंगा। किसी ने उनसे कहा कि उन्हें उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए। लेकिन योगी जी ने कहा कि वह साइंस में यकीन रखते हैं और वहां के लिए निकल गए। आज वह दोबारा मुख्यमंत्री बने हैं। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें तेलंगाना को उन लोगों से बचाना होगा, जो अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस टिप्पणी से तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधा, जिन पर अंधविश्वासी होने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व सांसद के. विश्वेश्वर रेड्डी ने उन पर अपने अंधविश्वास के चलते लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया था। दरअसल 2016 में ये चर्चाएं चली थीं कि वास्तु को लेकर चिंतित केसीआर ने नए घर में शिफ्ट होने का फैसला लिया था। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी जब हैदाराबाद में थे तो राज्य के सीएम के. चंद्रशेखर राव बेंगलुरु में थे और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा से मीटिंग कर रहे थे।

## महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री परब के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रत्नागिरि जिले के तटीय दापोली इलाके में भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं और अन्य आरोपों को लेकर महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब एवं अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत राज्य में कई स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत एक ताजा मामला दर्ज किया है। मुंबई में परब के आधिकारिक आवास, दापोली और पुणे में संबंधित परिसरों सहित कम से कम सात परिसरों पर एजेंसी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा मुहैया कराई गई सुरक्षा के साथ छापे मार रही है। ऐसा समझा जाता है कि छापेमारी के दौरान मंत्री अपने आवास पर मौजूद थे। तीन बार महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित परब (57) राज्य के परिवहन मंत्री हैं। उनके खिलाफ अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए हैं और ऐसा समझा जाता है कि निदेशालय का ताजा मामला इन्हीं आरोपों पर आधारित है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई दापोली में 2017 में परब द्वारा एक करोड़ रुपए के प्रतिफल मूल्य पर एक भूखंड की खरीद संबंधी आरोपों से जुड़ी है। इस भूखंड को 2019 में पंजीकृत किया गया था। एजेंसी कुछ अन्य आरोपों की भी जांच कर रही है। आरोप है कि इस भूखंड को बाद में मुंबई के केबल ऑपरेटर सदानंद कदम को 2020 में 1.10 करोड़ रुपए के प्रतिफल मूल्य पर बेच दिया गया था। इस बीच, इसी जमीन पर 2017 से 2020 तक एक रिजॉर्ट बनाया गया। आयकर विभाग ने कदम और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बजरंग खरमाटे जैसे, परब के कुछ करीबी लोगों के खिलाफ मार्च में छापे मारे थे, जिसके बाद उसने मंत्री पर ये आरोप लगाए थे। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मार्च में जारी बयान में कहा था कि रिजॉर्ट का निर्माण 2017 में शुरू हुआ था और इसके निर्माण में छह करोड़ रुपए नकद खर्च किए गए थे।



## सुप्रीम कोर्ट ने वेश्यावृत्ति को वैधानिक करार दिया, कहा- सेक्स वर्कर्स के काम में पुलिस हस्तक्षेप न करे

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने वेश्यावृत्ति को वैधानिक करार दिया है। शीर्ष कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पुलिस को आदेश दिया है कि उन्हें सेक्स वर्कर्स के काम में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने सेक्स वर्क को प्रोफेशन मानते हुए कहा कि पुलिस को वयस्क और सहमति से सेक्स वर्क करने वाले महिलाओं पर आपराधिक कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सेक्स वर्कर्स भी कानून के तहत गरिमा और समान सुरक्षा के हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एल नागेश्वर राव, बीआर गवई और एएस बोपन्ना की बेंच ने सेक्स वर्कर्स के अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में 6 निर्देश जारी करते हुए कहा कि सेक्स वर्कर्स भी कानून के समान संरक्षण के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा, जब यह साफ हो जाता है कि सेक्स वर्कर वयस्क है और अपनी मर्जी से यह काम कर रही है, तो पुलिस को उसमें हस्तक्षेप करने और आपराधिक कार्रवाई करने से बचना चाहिए।

## ज्ञानवापी मस्जिद मामला सुनवाई योग्य है या नहीं? इस पर सुनवाई अब 30 मई को



**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अदालत सुनवाई कर सकती है या नहीं इस मामले में वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर जिला जज की अदालत में प्रकरण की पोषणीयता को लेकर अदालत पर सुनवाई होनी है। संभव है इस मामले को लेकर अदालत किसी निर्णय पर भी पहुंच जाए। इस लिहाज से वाराणसी ही नहीं बल्कि देश के इस चर्चित मामले में केस को लेकर लोगों की निगाह जिला जज की अदालत पर लगी हुई है। वहीं डेढ़ घंटे तक सुनवाई के बाद ज्ञानवापी केस में गुरुवार की सुनवाई चार बजे खत्म हो गई। वहीं जिला जज की अदालत ने अब इस मामले में 30 मई को अगली सुनवाई की तिथि दी है।

गुरुवार को दोपहर ढाई बजे के बाद जिरह शुरु हुई तो दोनों पक्षों ने तर्क और दस्तावेजों को सामने रखा। इस दौरान आधे घंटे तक मुस्लिम पक्ष की ओर से जिरह की गई। पूरे समय मुस्लिम पक्ष के वकील अभयनाथ यादव ने वर्शिप एक्ट के हवाले से तमाम तरह ही दलीलें पेश की हैं। इस दौरान अदालत के भीतर शोर शराबा होने पर कोर्ट में शांति बनाए रखने की अपील भी की गई। वहीं अदालत में सुनवाई के दौरान वादी पक्ष मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश की जा रही दलीलों को सुनकर अपनी बातें अदालत के समक्ष रखेगा। वहीं गुरुवार को हिंदू पक्ष की ओर से वकील विष्णु जैन ने प्राप्त शिवलिंग और उसकी सुरक्षा को लेकर शिवलिंग से छेड़छाड़ किए जाने का भी आरोप लगाया है। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर में 1991 के पूर्व भी श्रृंगार गौरी के पूजन की जानकारी देते हुए वर्शिप एक्ट से अलग मामला बताया। इसके बाद शाम चार बजे डेढ़ घंटे की सुनवाई के बाद अदालत की कार्यवाही खत्म हो गई। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में मुकदमे की पोषणीयता पर सुनवाई 26 मई से जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में हो रही है। वादी और प्रतिवादी पक्ष की ओर से इसकी तैयारी एक दिन पूर्व से चल रही थी। दोनों ओर से दिए जाने वाले साक्ष्य और दलीलों से मुकदमे का अस्तित्व तय हो पाएगा। प्रतिवादी पक्ष यह साबित करने सफल रहा कि मुकदमा पोषणीय नहीं है तो अभी तक हुई सारी कार्यवाही यहीं रुक जाएगी।

# यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा, पाकिस्तान सरकार ने फैसले की निंदा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को अदालत द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में सजा सुनने की निंदा कर कहा कि इस्लामाबाद कश्मीरियों को हर संभव सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। दिल्ली की एक अदालत ने जम्मू-कश्मीर के सबसे अग्रणी अलगाववादी नेताओं में से एक यासीन मलिक को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा कि इन अपराधों का मकसद 'देश के विचार की आत्मा पर हमला करना' और भारत संघ से जम्मू-कश्मीर को जबरदस्ती अलग करने का था। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्वीट में कहा, भारत यासीन मलिक को शारीरिक रूप से कैद कर सकता है, लेकिन वह कभी भी स्वतंत्रता के उस विचार को कैद नहीं कर सकता जिसका वह प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वतंत्रता सेनानियों के लिए आजीवन कारावास कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को नई गति प्रदान करेगा।'' पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैश्लेट को पत्र लिखकर भारत से यह अपील करने का



अनुरोध किया है कि वह कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को सभी आरोपों से बरी करे और जेल से मलिक की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करे ताकि वह अपने परिवार से मिल सके। उन्होंने ट्वीट में कहा, पाकिस्तान कश्मीरी भाइयों और बहनों के साथ खड़ा है, उनके न्यायपूर्ण संघर्ष में हर संभव मदद करता रहेगा। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने भी मलिक को उम्रकैद की सजा सुनने की निंदा कर दावा किया कि यह सजा ''मनगढ़ंत आरोप'' के आधार पर सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की ''दमनकारी रणनीति कश्मीर के लोगों की उनके न्यायपूर्ण संघर्ष की भावना को कम नहीं कर सकती।'' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भारत के प्रभारी उच्चायुक्त को तलब कर मलिक को दी गई सजा पर पाकिस्तान की निंदा से अवगत कराया। इसने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कश्मीर में बिगड़ती स्थिति का तत्काल संज्ञान लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए भारत पर दबाव बनाना चाहिए। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने पहले कहा था कि विदेश मंत्री ने कश्मीर की स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित करने के लिए पाकिस्तान के चल रहे प्रयासों के तहत 24 मई को बैश्लेट को पत्र भेजा था।

# इमरान की पीएम शाहबाज का चेतावनी, चुनावों की तारीखों का जल्द ऐलान करें

### 6 दिन वाद फिर से इस्लामाबाद आने की धमकी दी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन के बाद हालात सुधरने की जगह खराब हो रहे है। चुनाव की दुबारा मांग को लेकर पूर्व पीएम इमरान खान अपने समर्थकों के साथ इस्लामाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने आजादी मार्च निकाला। इस आजादी मार्च को रोकने के लिए शाहबाज शरीफ की सरकार रेड जोन में बड़ी संख्या में सेना की तैनाती कर रही है। इमरान के आजादी मार्च के बाद से पाकिस्तान के बड़े शहरों की घेराबंदी की गई है। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ने चेतावनी दी कि अगर छह दिनों के भीतर चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की जाती है, तब वह फिर इस्लामाबाद आएंगे। जैसे ही इमरान खान का आजादी मार्च शुरू हुआ, पंजाब, कराची और लाहौर में कई जगहों पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिसवालों के बीच झड़प हो गई। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने शिकायत की कि लाहौर के पेट्रोल पंपों में ईंधन खत्म हो गया है, एटीएम में पैसे नहीं है। इस्लामाबाद में इमरान खान के प्रवेश करने से पहले शहर के रेड जोन की रक्षा के लिए सेना को बुलाया गया था। बता दें कि इस्लामाबाद गुरुवार को युद्ध का मैदान बन गया और इस प्रदर्शन में पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि पीटीआई समर्थकों ने उसके कार्यालय पर हमला किया जिसमें कुछ पत्रकार घायल हो गए। इमरान ने इस्लामाबाद पहुंचकर मार्च को संबोधित किया, जहां उन्होंने कहा कि अगर वह धरना देते हैं, तब सरकार खुश होगी क्योंकि इससे उनकी पार्टी और पुलिस के बीच और झड़पें होंगी। उन्होंने कहा, मैंने तय किया था कि जब तक सरकार विधानसभाओं को भंग नहीं कर देती और चुनाव की घोषणा नहीं कर देती, तब तक मैं यहां बैठूंगा, लेकिन पिछले 24 घंटों में मैंने जो देखा है।

## लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी कुपवाड़ा मुठभेड़ में ढेर

**श्रीनगर।** कश्मीर में आतंकवाद को भड़काने के लिए पाकिस्तान बार-बार प्रयास करता है, लेकिन उस हर बार भारतीय सुरक्षाबलों के आगे मुंह की खानी पड़ती है। ऐसा ही एक प्रयास गुरुवार को भी किया गया। जिला कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा से सटे गांव जुमागुंड से पाकिस्तान से घुसपैठ कर आए लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को सेना ने मुठभेड़ के दौरान ढेर किया। कश्मीर में दो दिनों में हुई मुठभेड़ों में तीन पाकिस्तानी आतंकी सहित छह आतंकी मारे जा चुके हैं। बारामुला मुठभेड़ में मारे गए तीनों पाकिस्तानी आतंकी जैश-ए-मोहम्म्द से संबंधित थे। इस मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक जवान भी बलिदान हुआ था।



मारे गए आतंकवादियों की फिलहाल पहचान नहीं हुई है, परंतु मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार-गोलाबारूद व आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। आइजी कश्मीर विजय कुमार ने तीनों आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि घुसपैठ के तुरंत बाद इन आतंकियों का मारा जाना बड़ी सफलता है। उन्होंने सेना व पुलिस को इसके लिए बधाई भी दी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि ये आतंकी रात को नियंत्रण रेखा से सटे जुमागुंड गांव से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर आए थे। गांव के कुछ लोगों ने जब गांव के बाहर संदिग्ध गतिविधि देखी तब उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने भी बिना समय गवाएं सेना के जवानों के साथ आतंकवादियों की तलाश शुरू की एक जगह आतंकवादियों व सुरक्षाबलों का आमने सामने मुकाबला शुरू हो गया। दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों को हथियार डालने के लिए कहा परंतु उन्होंने गोलीबारी का सिलसिला जारी रखा।

## खास खबर

### अजमेर शरीफ में शिवालय होने का दावा, दरगाह में स्वास्तिक क्यों?

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा गरीब दरगाह को महाराणा प्रताप सेना ने मंदिर होने का दावा किया है। संगठन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और केंद्र सरकार को भी पत्र लिखकर इसकी जांच कराने के लिए कहा है। महराणा प्रताप सेना के पदाधिकारियों ने तस्वीर भेजी है, जिसमें अजमेर दरगाह की खिड़कियों पर स्वस्तिक के निशान बने हुए हैं। सेना के संस्थापक राजवर्धन सिंह परमार दावा कर रहे हैं, कि अजमेर की हजरत खूवाजा गरीब नवाज दरगाह एक शिव मंदिर था जिसे दरगाह बना दिया गया। परमार का दावा है कि दरगाह में स्वस्तिक का क्या काम? ये जांच का विषय है। हमने मुद्दा उठाया है, सरकार को जांच करनी चाहिए। महराणा प्रताप सेना ने राजस्थान सरकार, राज्यपाल, केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। सेना के प्रमुख परमार ने कहा, एक हफ्ते में जांच नहीं हुई, तब केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने वाले हैं। फिर भी कोई समाधान नहीं निकला, तब एक बड़ा आंदोलन होगा। महाराणा प्रताप सेना के कार्यकर्ता 2000 की संख्या में अजमेर जाकर आंदोलन करेंगे। साथ ही कोर्ट का रुख भी किया जा सकता है।

### हादसे में बाल-बाल बचे बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद गुरुवार सुबह बेगूसराय जिले में एक मंच गिरने से बाल-बाल बचे। प्रसाद, स्थानीय विधायक कुंदन सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह, राजेश राय, राम नरेश निषाद, स्थानीय नेता रुदल राय व अन्य लोग आध्यात्मिक कार्यक्रम (सत्संग) का उद्घाटन करने सदर ब्लॉक के उलाव रचिहारी गांव गए थे। जब वे मंच पर दीप प्रज्?जवलित करने और कार्यक्रम का उद्घाटन करने गए, तब अत्यधिक भार के कारण मंच गिर गया। घटना में रुदल राय का दाहिना पैर टूटा और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हरामीनाला के निकट से चार बोट समेत पाकिस्तान के 2 मछुआरे पकड़े गए

**कच्छ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने कच्छ के हरामीनाला के निकट से पाकिस्तान के दो मछुआरों को धर लिया साथ ही 4 बोट को भी जवानों ने कब्जे में ले लिया है घटना आज सुबह 8.30 की है जब बीएसएफ भुज की एक टीम हरामीनाला के निकट गश्त पर थी उस वक्त क्षैतिज चेनल के निकट पाकिस्तानी बोट की हलचल देख बीएसएफ की टीम वहां पहुंच गई बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान के दोनों मछुआरों के साथ ही चार बोट भी जब्त कर ली बोट की जांच में मछलियां, मछली पकड़ने की जाली और अन्य साधनों के अलावा कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई है चार बोट बरामद हुई है, जबकि मछुआरे केवल दो पकड़े गए हैं फिलहाल बीएसएफ के जवान पूरे क्षेत्र में जांच कर रहे हैं।

### ताज परिसर में बनी मस्जिद चार पर्यटकों नमाज पढ़ी, सीआईएसएफ ने चारों को पकड़ा

**आगरा।** आगरा के ताजमहल परिसर की मस्जिद में 4 टूरिस्ट ने नमाज अदा की। पुलिस ने चारों पर्यटकों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 3 युवक हैदराबाद और एक युवक आजमगढ़ का रहने वाला है। ताज महल परिसर में एक मस्जिद है, जहां इन चारों पर्यटकों ने नमाज पढ़ी। बता दें कि केवल शुक्रवार को ही ताज परिसर में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विश्व चैम्पियनशिप में मिली हार से सबक मिला : लवलीना

**नई दिल्ली** । ओलंपिक कांस्य विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा है कि आईबीए विश्व चैम्पियनशिप में मिली हार से उन्हें आने वाले मुकाबलों के लिए सीख मिली है। लवलीना को विश्व चैम्पियनशिप के 70 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। ओलंपिक के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलते हुए लवलीना को सिंडी नगाम्बा के हाथों 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना ने माना है किविश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी तैयारी पर्याप्त नहीं थी। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के बाद बहुत सी चीजें बदल गई हैं। मुझे कई चीजों को समय देना था, प्रतिबद्धताओं को पूरा करना था। साथ ही कहा कि इस हार ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। अब मेरा ध्यान राष्ट्रमंडल और अगले ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर रहेगा।

### सोंगा ने टेनिस से संन्यास लिया

**पेरिस** । फ्रांस के जो विलफ्राइड सोंगा ने फ्रेंच ओपन पुरूष एकल वर्ग में कैस्पर रूड के हाथों मिली हार के साथ ही टेनिस से संन्यास ले लिया। रूड ने सोंगा को को 6-7, 7-6, 6-2, 7-6 से हराया। सोंगा साल 2008 आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल तक पहुंचे और डेविस कप विजेता फ्रांस की टीम के सदस्य भी रहे। उनका कैरियर हालांकि चोटों से प्रभावित रहा और पिछले साल 36 वर्ष का होने पर उन्होंने साल में 18 मैच खेलना ही तय किया था। अपने कैरियर में वह विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान तक पहुंचे थे। इस खिलाड़ी ने अपने परिवार और घरेलू दर्शकों के सामने टेनिस को अलविदा कहते हुए कहा ,'' मैने ऐसा माहौल कभी नहीं देखा। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। अगर मैं जीत पाता तो और भी अच्छा होता।'' वहीं एक अन्य मैच में डेनमार्क के होल्गर रूने ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-1, 7-6 से जबकि सिटसिपास ने लोरेंजो मुसेटी को 5-7, 4-6, 6-2, 6-3, 6-2 से हराया। वहीं दूसरी ओर महिला वर्ग में येलेना ओस्टापेंको, सिमोना हालेप, सातवीं वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका, नौवीं वरीयता प्राप्त डेनियेले कोलिंस और 11वीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गई हैं।

### पंड्या ने अपने आलोचकों को दिया जवाब

**कोलकाता** । पदार्पण कर रही टीम गुजरात टाइटंस के आईपीएल फाइनल में पहुंचने से उत्साहित कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने आलोचकों को करार जवाब दिया है। आईपीएल शुरु होने से पहले हार्दिक की फॉर्म और फिटनेस को लेकर कई सवाल उठे थे। उसी का जवाब देते हुए पंड्या ने अपने आलोचकों पर निशाना साधा और कहा, 'लोगों का तो काम है कहना। पंड्या को लेकर हर खबर बिकता है पर मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है।' पंड्या को जब लीग की नई टीम टाइटंस का कप्तान बनाया गया था तब लोगों ने उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर आशंकाएं जाहित की थीं पर जिस प्रकार हार्दिक ने टीम का नेतृत्व किया और उसे फाइनल तक पहुंचाया उससे सभी हैरान हुए हैं। हार्दिक ने सत्र में शानदार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी शुरु की और पांच विकेट भी लिए। इस सत्र में उन्होंने 14 मैचों में 453 रन बनाए हैं। जिसमें 4 अर्धशतक भी हैं। आईपीएल 2022 में उनका सबसे अच्छा स्कोर नाबाद 87 रन रहा।



पेरिस में ब्रिटेन की इमा रेडूकाने फ्रेंच ओपन टेनिस में खेलती हुई।

## बत्रा का भारतीय ओलंपिक संघ से इस्तीफा

**नई दिल्ली** । नरिंदर बत्रा ने भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उनपर हॉकी इंडिया की 35 लाख की राशि अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल करने के आरोप हैं। इस मामले में उनके खिलाफ सीबीआई जांच भी चल रही है। वहीं बत्रा का कहना है कि उन्होंने अपना पद इसलिए छोड़ा है क्योंकि एफआईएच अध्यक्ष होने के नाते वह हॉकी का दुनिया भर में प्रचार-प्रसार करना चाहते हैं। बत्रा ने अपने एक बयान में कहा, ' विश्व हॉकी इस समय एक जरूरी विकास के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में हॉकी के प्रचार और हॉकी फाइव टूर्नामेंट के साथ प्रशंसकों को आकर्षित करने और अन्य कार्यक्रमों पर ज्यादा समय बिताने के लिए मुझे अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के कामकाज पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए मैंने आईओए के अध्यक्ष पद पर अपना कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है।

## उमरान , तिलक सहित पांच खिलाड़ी इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड के हैं दावेदार

**मुम्बई** । इंडिया प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 15 वें सत्र में पांच खिलाड़ी इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड की दौड़ में सबसे आगे हैं। ये पांच खिलाड़ी हैं तेज गेंदबाज उमरान मलिक, बल्लेबाज तिलक वर्मा, बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस , मोहसिन खान और अर्शदीप सिंह। इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड उस खिलाड़ी को दिया जाता है जिसके अंतरराष्टी स्तर पर चमकने की उम्मीद हो इसके साथ ही उसका जन्म 1 अप्रैल 1996 के बाद का हो। उसने 5 या इससे कम टेस्ट और 20 या उससे कम एकदिवसीय खेले हों। आईपीएल में 25 या इससे कम मैच खेले हों. उसे आईपीएल में पहले कभी इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड नहीं मिला हो।

उमरान मलिक ~ दाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज उमरान ने आईपीएल के 15वें सीजन में 14 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 22 विकेट है। उमरान इस सीजन इमर्जिंग प्लेयर बनने की रेस में सबसे आगे हैं। उमरान लगातार अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से सबकी नजरों में आये हैं। उनकी गेंदों के सामने दिग्गज बल्लेबाज भी रनों के लिए संघर्ष करते दिखे।

तिलक वर्मा ~ मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज तिलक ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। एक ओर जहां मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रनों के लिए संघर्ष करते दिखे। वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा लगातार रन बनाते रहे हैं। तिलक ने आईपीएल के इस सत्र के 14 मैचों में 131.02 के स्ट्राइक रेट से कुल 397 रन बनाए हैं। वह पहली बार आईपीएल में खेल रहे हैं।

डेवाल्ड ब्रेविस ~ मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे डेवाल्ड ब्रेविस ने भी इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी की है। बेबी डिविलियर्स के नाम से लोकप्रिय ब्रेविस पावर हिटिंग के लिए जाने जाते हैं। वह तेजी से रन बनाने के अलावा निडर होकर बल्लेबाजी करते हैं। इस बल्लेबाज ने आईपीएल की सात पारियों में 142.47 के स्ट्राइक रेट से कुल 161 रन बनाए जिसमें 49 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। ब्रेविस पहली बार आईपीएल में खेले। उन्होंने इस सीजन एकमात्र विकेट विराट कोहली के रूप में लिया। डेवाल्ड ब्रेविस पावरप्ले में तेजी से रन बटोरने की काबिलियत रखते हैं।

मोहसिन खान ~ लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने भी इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। इस गेंदबाज ने स्लॉग ओवर में शानदार गेंदबाजी की है। मोहसिन ने सत्र के 8 मैचों में 13 विकेट लिए हैं उनका बेस्ट प्रदर्शन 16 रन देकर चार विकेट है।

अर्शदीप सिंह ~ पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे अर्शदीप ने डेथ ओवर में अपनी गेंदबाजी से सभी को हैरान किया है। अर्शदीप ने इस सत्र के 14 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकॉनोमी 7.7 की रही है। गेंदबाजी के अलावा अर्शदीप

सेंट्रल ज़ोन टेबल टेनिस स्पर्धा

## अंकोलिका, दिव्यांशी, नंदीनी विजेता बने

**इन्दौर** । टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित कैडेट एवं सबजूनियर वर्ग की नेशनल रैंकिंग टेबल-टेनिस चैम्प्?यनश?प (सेन्ट्रल ज़ोन) के बालिका वर्ग के विभिन्न आयु वर्गों में अंकोलिका चक्रवर्ती (बंगाल), दिव्यांशी भौमिक (महाराष्ट्र) व नंदीनी साहा (बंगाल) विजेता रही। अभय प्रशाल में खेली गई सेंट्रल ज़ोन टेबल टेनिस स्पर्धा के बालिका वर्ग के अंडर-11 आयु वर्ग में अंकोलिका चक्रवर्ती (बंगाल) ने प्रतीती पाल (बंगाल) को 11-9, 11-6, 11-7, 11-5 से पराजित कर खिताब जीता। सेमीफायनल में अंकोलिका ने आराध्या ढिंगरा (दिल्ली) को 3-0 से व प्रतीती ने क्रिशा पटेल (गुजरात) को 3-0 सें हराया। बालिका अंडर-13 आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले में दिव्यांशी भौमिक (महाराष्ट्र) ने सिन्ड्रेला दास (बंगाल) को 11-9, 12-10, 11-8, 7-11, 7-11, 11-7 से




परास्त कर खिताब जीत लिया। सेमीफायनल में दिव्यांशी ने रीना बालाजी (टी.एन.टी.टी.ए) को 4-0 से व सिन्ड्रेला ने एम.हासिनी (टी.एन.टी.टी.ए) को 4-0 से पराजित किया। बालिका अंडर-15 आयु वर्ग में नंदीनी साह (बंगाल) ने हार्डी पटेल (गुजरात) को 12-14, 6-11, 11-9, 11-8, 11-4, 11-7 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सेमीफायनल में नंदीनी ने जेनीफर वर्गिस (महाराष्ट्र) को 4-2 से व हार्डी पटेल ने शुभा भट्ट (महाराष्ट्र) को 4-1 से हराया। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य व मध्य प्रदेश ओलिपिंक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केरल टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष एन.गणेशन, मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के महासचिव जयेश आचार्य, कोषाध्यक्ष प्रमोद गंगराडे, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाडी रिंकू आचार्य, प्रमोद सोनी, निलेश वेद, नरेन्द्र शर्मा, शिरीष भागवत विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव पटेल ने किया व आभार अमित कोटिया ने व्यक्त किया।

## नीरज ने प्रशंसकों को दिया नया चैलेंज



**नई दिल्ली** । ऑलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने यूट्यूब शॉर्ट्स पर अपने प्रशंसकों को एक नया चैलेंज दिया है। इसमें उनके प्रशंसक भाला फेंकने से पहले के नीरज के रन-अप की नकल करते हुए अपने वीडियो बनाकर हैशटैग जैव रनट्रेंड में यूट्यूब पर डाल सकते हैं। गौरतलब है कि अपने नये यूट्यूब शॉर्ट्स वीडियो में नीरज प्रशंसकों को वास्तविक दुनिया की विभिन्न स्थितियों में 'जैव रन करना सिखा रहे हैं। अब प्रशंसक सीधे मोबाइल ऐप से 15 सेकंड का एक यूट्यूब शॉर्ट वीडियों बना सकते हैं और इस चैलेंज में शामिल हो सकते हैं। इस चैलेंज का हिस्सा बनने के लिए प्रशंसकों को 'लेट्स नाचो गाने के साथ हैशटैग जैवरन और 'हैशटैग यूट्यूब शॉर्ट्स का उपयोग करना होगा। इस चैलेंज के कुछ विजेताओं को नीरज से मिलने का अवसर भी मिलेगा। जैव रन चैलेंज की रिलीज पर नीरज ने कहा, 'यूट्यूब ने मेरी आंखों के सामने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंकने वालों को लाने में मदद की, और मुझे उनसे सीखने का मौका दिया। यही कारण है कि यूट्यूब पर मेरा अपना चैनल है जो मेरे लिये एक विशेष उपलब्धि है और मैं इसके माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'मैं जैवरन चैलेंज के ज़रिये दर्शकों को अपने सपनों के पीछे दौड़ने के लिये प्रेरित करना चाहता हूं। साथ ही कहा कि इससे मुझे अपने प्रशंसकों से बात करने का अच्छा अवसर भी मिला है।

### छुट्टियां बिताने परिवार सहित मॉलदीव पहुंचे रोहित

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड दौरे से पहले तरोताजा होने के लिए परिवार के साथ मॉलदीव पहुंच गये हैं। रोहित ने आईपीएल के कारण हुई थकान से उबरने के लिए यह ब्रेक लिया है। उन्होंने मॉलदीव से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो साझा की है जिसमें वह पत्नी रितिका सजदेह और बेटी समायरा के साथ नजर आ रहे हैं। रोहित ने साथ ही लिखा, % डिनर और मूवी पानी के अंदर !% इस तस्वीर पर प्रशंसकों ने भी अलग अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं। रोहित को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए आराम दिया गया है। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए आराम दिया गया है। रोहित अब 15 या 16 जून को मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ इंग्लैंड दौरे पर जाएंगे।

## व्यापारन्यूज

### सरकार ने कागज आयात निगरानी प्रणाली शुरू की, पंजीकरण कराना अनिवार्य

नई दिल्ली । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कागज आयात निगरानी प्रणाली (पीआईएमएस) के तहत आयात पंजीकरण अनिवार्य कर दिया। इसमें 201 प्रकार के कागज और टिशू पेपर समेत पेपर बोर्ड शामिल हैं। मंत्रालय ने कागज आयात निगरानी प्रणाली शुरू की है। इसके तहत आयातकों को इन कागज के आयात के बारे में पहले से ऑनलाइन जानकारी देनी होगी और पंजीकरण संख्या लेनी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि अध्याय 48 के तहत कुछ वस्तुओं के मामले में आयात नीति संशोधित की गई है। इसके तहत पीआईएमएस के अंतर्गत पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयातक आयात खेप आने की संभावित तिथि से पांच दिन पहले पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।स्वचालित पंजीकरण संख्या 75 दिनों तक वैध रहेगी। पीआईएमएस एक अक्टूबर, 2022 से प्रभावी होगी।

### बाटा इंडिया का मुनाफा बढ़कर 62.96 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली** । जूते बनाने वाली कंपनी बाटा इंडिया लिमिटेड का मुनाफा वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 62.96 करो? रुपए पर पहुंच गया। आय में वृद्धि से कंपनी का मुनाफा ब?ा है।बाटा इंडिया ने शेयर बाजार यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही में कंपनी ने 29.47 करो? रुपए का मुनाफा कमाया था। कंपनी की परिचालन आय भी बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 12.77 प्रतिशत की ब?त के साथ 665.24 करो? रुपए हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 589.90 करो? रुपए थी। इसके अलावा बाटा इंडिया का कुल खर्च भी आलोच्य तिमाही के दौरान 6.29 प्रतिशत ब?कर 599.39 करो? रुपए हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 563.90 करो? रुपए था। बाटा इंडिया के एक अ?धिकारी ने कहा ?कि पिछली दो तिमाहियों में हमने उपभोक्ता भावना में सुधार, कोविड-19 महामारी की गहरी समझ, टीकों की उपलब्धता और प्रतिबंधों में तेजी से ढील के चलते मांग में उल्लेखनीय सुधार देखा है।

### बीपीसीएल का मुनाफा चौथी तिमाही में 82 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ?लिमिटेड (बीपीसीएल) का मुनाफा मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में 82 प्रतिशत घटकर 2,130.53 करोड़ रुपए रह गया है। लागत बढ़ने के बावजूद ईंधन के दाम काफी दिन तक ?स्थिर रहने के कारण कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में उसे 11,940.13 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। बीपीसीएल की परिचालन आय 25 प्रतिशत बढ़कर 1.23 लाख करोड़ रुपए रही। इसका कारण तेल के दाम में तेजी है लेकिन पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी पर नुकसान से वित्तीय परिणाम पर असर पड़ा। बीपीसीएल और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने कच्चे माल (कच्चा तेल) के दाम में तेजी के बावजूद काफी दिन तक पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ाए। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बीपीसीएल का लाभ 9,076.50 करोड़ रुपए रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 19,110.06 करोड़ रुपए था।

### इंडिगो का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 1,681 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली** । कोविड के ओमिक्रॉन स्वरूप की लहर और विमानन ईंधन की महंगाई के चलते किफायती उड़ान सेवाएं प्रदान करने वाली एयरलाइन इंडिगो का मार्च 2022 को समाप्त हुई तिमाही में घाटा बढ़कर 1,681.8 करोड़ रुपए रहा। इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) की जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष की समान तिमाही में इस एयरलाइन को 1,147.20 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

## सरकार ने फिलहाल जीएसटी दरों में प्रस्तावित बदलाव करने का फैसला टाला

### जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में जीएसटी काउंसिल की हो सकती है बैठक

**नई दिल्ली** । ऐसे समय में जब चीजों की कीमतें पहले से ही आसमान पर हैं, केंद्र व राज्य सरकारें टैक्स की दरों में कोई बदलाव कर नया रिस्क नहीं लेना चाहती हैं। दरअसल पहले तो कोरोना महामारी ने दुनिया भर को प्रभावित किया। उसके बाद रूस और यूक्रेन के बीच जारी लड़ाई ने हालात बदतर बना दिया। इसके चलते अनाजों की कमी हो रही है और इनकी कीमतें बढ़ती जा रही हैं। ये बाहरी फैक्टर चीजों की कमी और महंगाई को प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने टैक्स कलेक्शन बढ़ाने के लिए जीएसटी दरों में प्रस्तावित बदलाव को फिलहाल के लिए टालने का फैसला लिया है। जीएसटी के बारे में अंतिम निर्णय जीएसटी काउंसिल करती है। हालांकि लंबे अंतराल से काउंसिल की बैठक नहीं हुई है। जीएसटी काउंसिल की आखिरी बैठक पिछले साल सितंबर में लखनऊ में हुई थी। उन्होंने कहा कि जुलाई के तीसरे सप्ताह से संसद का मानसून सत्र शुरू होने वाला है और बैठक को इसके बाद के लिए टाला नहीं जा सकता है। जानकारी के मुताबिक जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में जीएसटी काउंसिल की बैठक की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि संसद सत्र से पहले भी जीएसटी काउंसिल की बैठक हो सकती है। हालांकि इस बात की संभावना काफी कम हैं कि बड़ी संख्या में चीजों के ऊपर लेवी लगाई जाए, क्योंकि इस साल के अंत में गुजरात और हिमाचल भारत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची महंगाई की मार से सिर्फ आम लोग ही प्रभावित नहीं हो रहे हैं. अब महंगाई सरकार के फैसलों पर असर डालने लगी है और इसके कारण जीएसटी के स्लैब व दरों में बदलाव की योजना को बाद के लिए टाल दिया गया है।

सितंबर में हुई पिछली बैठक में काउंसिल ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के एक समूह को जीएसटी दरें तार्किक बनाने की संभावनाओं पर गौर करने का काम दिया था। समूह को काम यह दिया गया था कि वे गुवाहाटी में नवंबर 2017 में हुई बैठक में कई कमॉडिटीज और सर्विसेज पर जीएसटी दरों में की गई कटौती की समीक्षा करें। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली की अगुवाई में हुई उस बैठक में 28 फीसदी के सबसे ऊंचे स्लैब में महज 50 सामान रखे गए थे। उस बैठक में काउंसिल ने 178 सामानों पर टैक्स की दर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दी थी। इनके अलावा कई सामानों पर टैक्स की दर 5 फीसदी से घटाकर शून्य करने का भी फैसला लिया गया था।

## सेंसेक्स 353 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,129.90 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और एचडीएफसी तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों के लाभ में जाने से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में 353 अंक की बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 353.1 अंक चढ़कर 54,102.36 अंक पर पहुंच गया, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 104.1 अंक बढ़कर 16,129.90 अंक पर था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस बढ़त वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, मारुति, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और एमएंडएम लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सेंसेक्स 303.35 अंक की गिरावट के साथ 53,749.26 अंक पर आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.35 अंक फिसलकर 16,025.80 अंक पर बंद हुआ था। अन्य एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई और तोक्यो लाभ में कारोबार कर रहे थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध आधार पर 1,803.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सोने का भाव टूटा, चांदी भी हुई सस्ती



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से एमसीएक्स पर गुरुवार को सोने की कीमत में 0.04 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव टूटकर 50,800 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया है। वहीं चांदी का भाव भी 0.16 फीसदी टूट गया। इस कमी के बाद चांदी की कीमत कम होकर 61,437 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

## एक जून से थर्ड पार्टी मोटर बीमा प्रीमियम बढ़ेगा

**नई दिल्ली** । सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए थर्ड पार्टी मोटर वाहन बीमा के प्रीमियम बढ़ाने की घोषणा की है जो एक जून से लागू होगी। इससे कार और दोपहिया वाहनों का बीमा महंगा होने की संभावना है। मंत्रालय द्वारा अधिसूचित संशोधित दर के मुताबिक एक हजार सीसी क्षमता इंजन वाली ?निजी कारों के लिए प्रीमियम 2094 रुपये होगा जो वर्ष 2019-20 में 2072 रुपये था। इसी प्रकार 1000 से 1500 सीसी इंजन की निजी कारों के लिए अब 3221 रुपये के बजाय 3416 रुपये प्रीमियम देना होगा। हालांकि 1500 से अधिक सीसी की निजी कारों के लिए थर्ड पार्टी बीमा प्रीमियम में कमी की गई है और यह 7,897 रुपये से घटकर 7890 रुपये हो जाएगा। इसी प्रकार 150 से 350 सीसी तक के दो पहिया वाहनों का प्रीमियम 1366 रुपये होगा जबकि 350 से अधिक सीसी के दोपहिया वाहन के लिए यह दर 2804 रुपये होगी। 1000 सीसी से कम क्षमता वाली नई कार के लिए तीन साल का सिंगल प्रीमियम 6,521 रुपये होगा जबकि 1000 सीसी से 1500 सीसी इंजन वाली कारों के लिए यह 10,640 रुपये होगा। 1500 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली नई कारों के लिए तीन साल का प्रीमियम 24,596 रुपये होगा। इसी तरह 75 सीसी तक क्षमता वाले दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का सिंगल प्रीमियम 2901 रुपये, 75 सीसी से 150 सीसी तक क्षमता वाले वाहनों के लिए 3,851 रुपये तथा 150 सीसी और 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों के लिए 7,365 रुपये होगा। 350 सीसी से अधिक क्षमता वाले दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का सिंगल प्रीमियम 15,117 रुपये होगा। 30 केडब्ल्यू तक के नए प्राइवेट इलेक्ट्रिक वीकल के लिए तीन साल का सिंगल प्रीमियम 5,543 रुपये का होगा। 30 केडब्ल्यू से 65 केडब्ल्यू अधिक क्षमता वाले ईवी के लिए यह 9,044 रुपये होगा। बड़े ईवी के लिए तीन साल का प्रीमियम 20,907 रुपये होगा। तीन केडब्ल्यू तक के नए दोपहिया ईवी वाहनों का पांच साल का सिंगल प्रीमियम 2,466 रुपये होगा। इसी तरह तीन से सात केडब्ल्यू तक के दोपहिया ईवी वाहनों का प्रीमियम 3,273 रुपये और सात से 16 केडब्ल्यू तक का प्रीमिय 6,260 रुपये होगा। ज्यादा क्षमता वाले ईवी दोपहिया वाहनों का पांच साल का प्रीमियम 12,849 रुपये होगा। नया वाहन खरीदने के साथ ही वाहन का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस कराना जरूरी होता है। थर्ड पार्टी बीमा को लाइबिलिटी कवर के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमा तीसरे पक्ष से संबंधित होता है। अगर किसी ने वीकल का थर्ड पार्टी बीमा कराया है और कोई दुर्घटना होती है तो तीसरी पार्टी को बीमा कंपनी क्लेम देती है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे तेज



**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख और विदेशों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से रुपए को बल मिला और गुरुवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे बढ़कर 77.52 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपए की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.54 पर कमजोर खुला और आगे बढ़त दर्ज करते हुए 77.52 के भाव पर आ गया, जो पिछले बंद के मुकाबले तीन पैसे की तेजी दर्शाता है। शुरुआती सौदों में रुपया 77.52 से 77.55 के दायरे में कारोबार कर रहा था।

# मैं अपने कर्व्स को लेकर काफी कॉन्फिडेंट हूं: आकांक्षा पुरी



सीरियल विघ्नहर्ता गणेशा में पार्वती का किरदार निभाने वाली टीवी की मशहूर अभिनेत्री आकांक्षा पुरी का म्यूजिक वीडियो 'डेंजरस' इंटरनेट वर खूब धूम मचा रहा है. आकांक्षा ने ये खुलासा किया है कि अपनी बॉडी और उनके कर्व्स को लेकर एक्ट्रेस काफी ज्यादा कॉन्फिडेंट हैं. और पूरे आत्मविश्वास के साथ वो इन्हे फ्लॉन्ट भी करती हैं. उनके गाने के तरह वो भी मानती हैं कि उनकी बॉडी काफी डेंजरस है. जब आकांक्षा को प्यार के बारे में पूछा गया कि प्यार से ज्यादा खतरनाक होता है प्यार का खत्म होना. लेकिन फिर भी ने कहा कि आकांक्षा को प्यार पर पूरा यकीन है. वो खुद को 100 त्न लवर कहती हैं. उनके लिए अपने हमदम की मुस्कान काफी ज्यादा मायने रखती है. और इसको लेकर वो काफी ज्यादा इमोशनल भी है. आपको बता दें, बिग बॉस के सीजन 13 में आकांक्षा के एक्स बॉयफ्रेंड पारस छाबड़ा ने बिग बॉस 13 में प्रवेश किया था और इस शो के अंदर दोनों का ब्रेकअप हुआ था. काफी दिनों से आकांक्षा की विघ्नहर्ता गणेशा में वापसी को लेकर भी काफी चर्चा हो रही थी. लेकिन उन्होंने इस बात से साफ इनकार कर दिया आकांक्षा का कहना है अगर मुझे वापस लौटना होता तो मैं ये शो छोड़कर बिलकुल भी नहीं जाती. मैं काफी सोचकर अपने लाइफ में ऐसे डिसीजन लेती हूं. उनका मानना है पार्वती का किरदार लगभग खत्म हो चूका था और आगे की कहानी में पार्वती का नजरिया दिखाई देने वाला था. मैं नहीं चाहती मै जो किरदार निभा रही हूं उसकी क्रिएटिविटी खत्म हो जाए. अपने आगे के प्रोजेक्ट्स में बोल्ड और लव मेकिंग किरदार करने को लेकर आकांक्षा पुरी ने कहा है कि ऐसे किरदार करना उनके लिए प्रशंसा की बात होगी. आकांक्षा पुरी ने कहा, 'हां मुझे लव मेकिंग सीन करने वाले किरदार के ऑफर्स आ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए यह फनी है. मैंने कोई भी ऐसा लव मेकिंग सीन नहीं किया है।

## जब धर्मेश येलांडे द्वारा रिजेक्ट हो गई थीं सान्या मल्होत्रा



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, जिन्होंने हाल ही में डांस दीवाने शो में गेस्ट की भूमिका निभाई थी, उन्होंने उस समय को याद किया जब वह कोरियोग्राफर धर्मेश येलांडे द्वारा रिजेक्ट कर दी गईं थीं। धर्मेश, जो डांस रियलिटी शो में जज हैं, उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में एक ऑडिशन में सान्या का चयन नहीं किया था। उस दिन को याद करती हुई सान्या ने कहा, आज मेरे लिए जीवन एक पूर्ण चक्र बन गया है। छह साल पहले, मैं एक डांस-रियलिटी शो के ऑडिशन के लिए इस स्टूडियो में आई थी और मैं ऑडिशन पास नहीं कर सकी थी। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है, रात के 1 बज रहे थे जब मैं फ्री हुई थी। मैं आपकी वजह से ऑडिशन पास नहीं कर पाई थी। लेकिन अब मैं यहां अपनी फिल्म के प्रचार के लिए आई हूं। धर्मेश ने सान्या को उन सभी परिश्रमों के लिए बधाई दी और सपनों को हासिल करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा, वह किसी भी व्यक्ति के लिए एक महान उदाहरण हैं, जो अस्वीकृति का सामना करते हैं और आगे बढ़ते हैं। इस बीच, सान्या की फिल्म पगलैट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है।

## सेट पर सबसे सुरक्षित महसूस करते हैं तबरेज खान

महाराष्ट्र में कोविड-19 मामलों में वृद्धि लगातार जारी है। इस बीच अभिनेता तबरेज खान का कहना है कि वह सेट पर सबसे सुरक्षित महसूस करते हैं। तबरेज छोटी सरदारनी धारावाहिक का हिस्सा हैं। तबरेज का कहना है कि कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए उनके सेट पर बहुत सारी सावधानियां बरती जाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे स्थिति को देखते हुए बिल्कुल भी डर नहीं है, क्योंकि मेरे सेट पर सभी आवश्यक एहतियात के साथ अत्यंत सावधानी बरती जाती हैं। सरकार द्वारा बताए गए सभी दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों का सटीक रूप से पालन किया जाता है। प्रत्येक सदस्य की सेट में प्रवेश करने से पहले जांच की जाती है और वॉक-थ्रू मशीन के साथ पूरी तरह सैनेटाइज किया जाता है। मास्क हर समय अनिवार्य है। जब मैं सेट पर होता हूं तो सबसे सुरक्षित महसूस करता हूं। अभिनेता इससे पहले अन्य कई शो में किरदार निभा चुके हैं, जिनमें प्यार की ये एक कहानी, बाबा ऐसो वर ढूंडो और किस देश में है।

# अगले साल बॉलीवुड की फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा, खुद किया खुलासा



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की ऐसी अभिनेत्री हैं जो आज एक ग्लोबल आइकन बन चुकी है। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। आज वो एक इंटरनेशनल स्टार बन चुकी हैं। हालांकि पिछले काफी समय से अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज की गई है। जबकि प्रियंका चोपड़ा के चाहने वाले उनकी अगली बॉलीवुड की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा की पिछली रिलीज फिल्म द स्काई इज पिंक थी। जिसमे प्रियंका चोपड़ा के अलावा फरहान अख्तर और जायरा वसीम भी साथ में नजर आए थै। ये फिल्म साल 2019 में रिलीज की गई थी। हालांकि फिल्म द स्काई इज पिंक कुछ खास कमाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद से प्रियंका चोपड़ा ने किसी भी बॉलीवुड की फिल्म में काम नहीं किया है। लेकिन अब प्रियंका ने बताया कि वो जल्द ही बॉलीवुड की एक फिल्म में नजर आने वाली है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने फैंस के साथ ट्विटर पर सवाल जवाब सेशन रखा था। इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने ट्वीट करके अपने फैंस को इस सेशन में इनवाइट किया। उन्होंने लिखा कि, सेट पर ब्रेक ले रही हूं कौन जल्दी से सवाल पूछने आ रहा है। इसके बाद प्रियंका चोपड़ा के फैंस ने उनसे कई तरह के सवाल पूछे। इस सेशन के दौरान प्रियंका से उनकी अगली बॉलीवुड मूवी कब आएगी ये सवाल भी कर लिया। एक यूजर ने पूछा कि उनकी अगली बॉलीवुड फिल्म कब आएगी। इस पर अभिनेत्री ने जवाब देते हुए लिखा कि, अगले साल। प्रियंका के इस जवाब से साफ जाहिर हो रहा है कि अभिनेत्री बॉलीवुड की अगली फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इसके अलावा बात करें अगर उनके काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।




## अमेरिका की मजबूरी

जापान में क्वाड समिट में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने कोरोना महामारी के दौरान भारत के काम और वैक्सीन को सराहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोरोना महामारी से निपटने को लेकर पीएम मोदी के काम की तारीफ की। बाइडेन ने महामारी से निपटने में चीन और भारत की तुलना करते हुए चीन को फेल करार दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी आबादी के बावजूद भारत ने कोरोना पर लोकतांत्रिक तरीके से काबू पाया है। इसके अलावा बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता में भी बाइडेन ने कहा, भारत और अमेरिका की साझेदारी सही मायने में विश्वास की साझेदारी है। हमारे साझा हितों और मूल्यों ने दोनों देशों के बीच विश्वास के बंधन को मजबूत किया है। बाइडेन ने कहा, भारत और अमेरिका मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। हम भारत के साथ धरती की अब तक की सबसे अच्छी दोस्ती करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोरोना से लेकर यूक्रेन मसले तक बाइडेन की मोदी की तारीफ के मायने देखें तो पता चलेगा कि ना चाहते हुए भी अमेरिका आज भारत से बैर ले पाने की स्थिति में नहीं है। रूस-यूक्रेन जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय राजनीति में काफी बदलाव आए हैं। इसका असर भारत पर भी पड़ा है। हालांकि, इस जंग के दौरान भारत अंतरराष्ट्रीय राजनीति का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। एक पखवाड़े में दस से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष या विदेश मंत्री या बड़े अधिकारियों ने भारत का दौरा किया है। इन देशों में प्रमुख रूप से रूस, ब्रिटेन, चीन, कनाडा, ग्रीस, ओमान, श्रीलंका, मैक्सिको और आस्ट्रिया के विदेश मंत्री, जापानी प्रधानमंत्री और अमेरिका के डिप्टी एनएसए शामिल रहे हैं। दुनियाभर के प्रमुख देशों के प्रतिनिधियों के लगातार भारत दौरे ने यह साबित किया है कि रूस-यूक्रेन जंग से उपजे हालात में भी दुनिया के प्रमुख देशों को भारत की अहमियत पता है। यह दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव की निशानी है। रूस यूक्रेन जंग में भारत की तटस्थता नीति की निंदा करने के बावजूद इसका असर भारत अमेरिका के संबंधों पर नहीं पड़ा। यही वजह है कि रूस यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों के बीच कई स्तर की वार्ता हो चुकी है। इस मामले में तमाम असहमति के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कई बार वार्ता कर चुके हैं। ऐसा कोई संयोग नहीं है। अमेरिका यह जानता है कि दक्षिण चीन सागर एवं हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को रोकने के लिए भारत बेहद उपयोगी है। चीन पर नकेल लगाने के लिए अमेरिका को भारत का साथ चाहिए। हाल के दिनों में अमेरिका के लिए भारत की सामरिक उपयोगिता बढ़ी है। क्वाड के गठन को इसी कड़ी में जोड़कर देखा जाना चाहिए। इसके अलावा ताइवान भी एक बड़ा फैक्टर है, जहां चीन और अमेरिका आमने-सामने हैं। ऐसे में अमेरिका भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ा रहा है। यूक्रेन जंग में वह भारत की नीतियों के विरोध के बावजूद भारत से रिश्ते खराब नहीं करना चाहता। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की अहमियत की एक वजह यह भी है कि भारत जनवरी 2023 तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। ऐसे में सभी देश चाहते हैं कि भारत अगर उनका साथ न दे तो कम से कम विरोध भी न करे। इसके अलावा भारत दक्षिण एशिया का सबसे ताकतवर एवं सक्षम देश है। भारत दुनिया के सबसे प्रमुख बाजारों में से है, यानी बड़े देशों के फायदे के लिए बहुत जरूरी है। यही वजह है कि अमेरिका समेत सभी ताकतवर देश भारत को अपने पाले में रखना जरूरी मानते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत-अमेरिका के संबंध बहुत तेजी से मजबूत हुए हैं।

# भ्रष्टाचार पर आप का अंदाज काबिल-ए-तारीफ

ऋतुपर्ण दवे

अब इसे शुक्राना कहें या नजराना, धन्यवाद या फिर रिश्वत कोई शक नहीं कि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उससे मुक्ति की आशा आम आदमी को एक सपने जैसे लगती है। लेकिन बीच-बीच में कोई घटना (यही कहना बेहतर होगा) उम्मीद की लौ बुझने नहीं देती है। लगने लगता है कि कभी न कभी तो इससे निजात मिलेगा? ऐसा ही कुछ भरोसा पंजाब के सेहत मंत्री डॉ. विजय सिंगला की बरखास्तगी और गिरफ्तारी के बाद सींखचों के पीछे पहुँचा देने से बुझी-बुझी सी आस देश में बरकरार जरूर है। क्या कह सकते हैं कि यह बर्खास्तगी एक ट्रेलर है और पूरी फिल्म अभी बांकी है?

सवाल फिर वही कि आखिर कब तक सिस्टम के रूप में भले ही बेमन से भ्रष्टाचार को स्वीकारा जाता रहेगा? बातें तो खूब होती हैं परन्तु धरातल पर सच्चाई अलग दिखती है। ऐसे में अगर कहीं कोई उदाहरण सामने आ जाए तो जबरदस्त राहत देती नई लकीर बनती है। स्वाभाविक है किसी सरकार की तरफ से कोई कठोर कदम उठाया जाता है तो सबका ध्यान बरबस खिंच जाता है और इस पर बिना लाग लपेट प्रतिक्रियाएँ भी स्वाभाविक हैं। भगवन्त मान न केवल देश के दूसरे मुख्यमंत्री बन गए बल्कि पहले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी उसी पार्टी से हैं। अब पंजाब की सरहद से बाहर यह मसला पूरे देश और दुनिया में जबरदस्त सुर्खियों में है और लोग आश्चर्य, अविश्वास के साथ बहुत बड़े नैतिक कदम के रूप में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की कमर पर प्रहार भी मान रहे हैं। फिलाहाल तो पंजाब में जैसे हर कहीं सनाका खिंच गया है, लोगों को विश्वास तक नहीं हो रहा है और तो और सत्ताधारी दल के लोग, नुमाइन्दें और नौकरशाह बुरी तरह डरे हुए हैं। विरोधियों की गत समझी जा सकती है। बस देखना यही है कि तमाम राजनीतिक नफा-नुकसान के हिसाब-किताब से इतर उठाया गया यह दुस्साहसी कदम 2022 का अकेला उदाहरण बनकर रह जाता है या आगे भी भ्रष्टाचार में गले तक डूबे तक सिस्टम पर जारी रहेगा?

आम आदमी पार्टी शायद ऐसे उदाहरणों को लेकर चर्चाओं में बनी रहती है। हो सकता है उसका शगल हो लेकिन नैतिकता व ईमानदारी के नाम पर उठाया गया यह कदम लोगों को तो खूब भा रहा है। हाँ, पंजाब की नई-नई सरकार के नए सेहत मंत्री को महज 62 दिनों में ही एक झटके में सबूतों के बिना पर बरखास्त कर गिरफ्तार करवा देना कोई आसान काम नहीं था। बड़ी इच्छा शक्ति और जबरदस्त कशमकश के बाद काफी सोच, समझकर लिया गया फैसला होगा। लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि देश में शासन-प्रशासन में सुधार और राहत को लेकर आम आदमी की अभी उम्मीदों की लौ बुझी नहीं है। एक छोटे से दल से ही हुई शुरुआत का बीज खूब फले-फूले। फिलाहाल यह शुकून की बात है।

भारत में भ्रष्टाचार पर अनवरत चर्चाओं का सिलसिला और विरोध में आन्दोलनों की बाढ़ अनवरत चलती रहती है। लेकिन क्या इस पर कभी काबू पाया जा सका? उत्तर को लेकर कोई निरुत्तर नहीं है, सब जानते हैं कि नहीं। दरअसल भ्रष्टाचार का दीमक स्वतंत्रता के बाद से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में घुन जैसे घुस गया जिसको लाख उपचार के बाद भी नहीं खत्म किया जा सका। देखते ही देखते भ्रष्टाचारी ऑक्टोपस बिना मरे टूट-टूट कर ऐसा फैलता रहा कि स्वतंत्रता के दशक भर भीतर ही संसद में बहस होने लगी। संसद का एक महत्वपूर्ण वाकया आज भी प्रासंगिक है जब 21 दिसंबर 1963 को डॉ. राममनोहर लोहिया ने कहा था कि सिंहासन और व्यापार के बीच का संबंध भारत में जितना भ्रष्ट और दूषित हो गया है उतना दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं हुआ। इसकी जड़ों को लेकर डॉ. लोहिया की उस समय की पीड़ा को 59 सालों के बाद आज भी समझा जा सकता है। इसकी कल्पना मात्र से ही सिरहन हो उठती है। ऐसे में आम आदमी पार्टी के इस दुस्साहस को राजनीतिक रूप से भले ही कुछ भी समझा जाए लेकिन पुराने कई



उदाहरण देखकर लगता है कि डॉ. लोहिया के चिन्तन को सार्वजनिक जीवन के अमल में लाने के लिए कुछ तो हो रहा है।

दरअसल भ्रष्टाचार एक चेन के रूप में गहरे तक घुसपैठ बना चुका है। कहीं न कहीं तमाम विभागों में एक टाईअप जैसे काम करता है। नेता और नौकरशाह इतने बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें न लाज है न भय। अर्थव्यवस्था और हरेक व्यक्ति पर विपरीत प्रभाव डालने वाला रिवाज जो बन गया है। राजनीति, नौकरशाही में के अनगिनत उदाहरण हैं लेकिन न्यायपालिका, मीडिया, सेना, पुलिस भी अछूती नहीं है। विडंबना, मजबूरी या जो भी कुछ कहें, पूरी तरह गैर कानूनी होने के बाद भी रोजाना के चलन में बेखौफ जारी है। शायद ही कोई ऐसा हो जो इससे न गुजरा हो?

भारतीय इतिहास में दूसरी बार एक मुख्यमंत्री ने सीधे अपने मंत्री पर कार्रवाई की। इससे पहले साल 2015 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपने एक मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में हटा चुके हैं उन्होंने खाद्य आपूर्ति मंत्री आसिम अहमद खान को बरखास्त कर सीबीआई जाँच तक करवा दी। उन पर 6 लाख रुपयों की घूस का आरोप था। अपनी जीरो टॉलरेन्स पार्टी का हवाला देकर सितम्बर 2016 में भी केजरीवाल ने महिला एवँ बाल विकास मंत्री संदीप कुमार को एक कथित आपत्तिजनक सीडी उजागर होने के बाद बरखास्त किया था।

भ्रष्टाचार विरोधी प्रहरी यानी एंटी करप्शन वॉचडॉग की रिपोर्ट-2021 में भारत दुनिया में 180 भ्रष्टों की सूची में जरूर 86 से खिसक 85 पर आ गया और 40 अंकों के साथ 85वां स्थान मिला। कहने की जरूरत नहीं कि माजरा क्या है। काश पूरे देश में भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने की बातें सिर्फ भाषणों और किताबों में नैतिकता के रूप में बताई और दिखाई न जाकर धरातल पर उतरतीं! इन्हीं डॉ. विजय सिंगला ने 23 मार्च को कहा था कि वे भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे और करप्शन पर जीरो टॉलरेंस का दावा भी ठोंका। लेकिन ठीक 62 दिन बाद 24 मई को भ्रष्टाचार के मामले में धर लिए गए।

तमाम आँकड़ों और सबूतों के बावजूद हर साँस में भ्रष्टाचार की बदबू को स्वीकारने की मजबूरी रिवाज सा बन गई है। ऊँचे पदों पर बैठे लोगों से लेकर दरवाजे पर बैठा चपरासी तक कहीं न कहीं इस कड़ी का हिस्सा होता है। चाहे सरकारी राशन दूकानें हो, खनन, परिवहन, सेना, शिक्षा, स्वास्थ्य, बीपीएल कार्ड, विभिन्न योजनांतर्गत आवास, समाज कल्याण, धर्मार्थ कार्य, कफन-दफन का मसला हो या कोई भी सरकारी योजना या शायद ही कोई ऐसा विभाग अछूता हो जहाँ भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों का साया न हो। लेकिन सोचना भी भारी पड़ता है कि आखिर क्यों और कब तक? लगता नहीं कि माफिया शब्द भ्रष्टाचार का पर्यायवाची जो बन गया है?

हैरानी की बात है कि तमाम तकनीकी संसाधनों, मुखबिरों, ठोस सबूतों और दावों-प्रतिदावों के बीच भी भ्रष्टाचार तेजी से फल-फूल रहा है? काश दिन, रात, सोते, जागते भ्रष्टाचार को कोसने वाले नेता, नौकरशाह ही इससे मुक्त हो पाते और सोचते कि यह देश तथा भारत माता के माथे पर कलंक और गद्दारी है? बेशक आम आदमी पार्टी ने बड़ा साहसिक कदम उठाया है और इसके सियासी मायने चाहे जो लगाए जाएँ बस इंतजार है तो इतना कि यह सिलसिला रुके नहीं और दूसरों के उदाहरण भी सामने आएँ।

## सादगी और निष्ठा

मोतीहारी में गांधीजी कार्यकर्ताओं को निर्देश दे रहे थे- %आज अवंतिका आने वाली होगी, उसे स्टेशन से लिवा लाना और कमरे में ठहरा देना।% एक ने कहा-%बापू उसे इन साधारण कमरों में चटाई पर सोना क्यों पसंद होगा? वह तो पहले दरजे में सफर की आदी है%। बापू ने कहा-%वह जनसेवक के तौर पर आ रही है। जनसेवक के अनुरूप अगर तीसरे दरजे में आई तो उसे यहीं रखूंगा, वरना वापस भेज दूंगा।% %पर बापू ....% दूसरे ने संकोच में कहा-%उनके पास पैसा है, वह भी उन्हीं का कमाया हुआ। उसे खर्च करने में क्या बुराई है? खर्च का मतलब अपव्यय तो नहीं।% स्वयं सेवक गांधीजी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी के साथ आवंतिका बाई को लेने स्टेशन गए। देवदास ही अकेले उन्हें पहचानते थे। देवदास ने उम्मीद के मुताबिक उन्हें दूसरे दरजे के डिब्बों में खोजा, लेकिन कहीं पता न चला। तब वे निराश होकर वापस आ गए और खबर दी कि अवंतिका बाई इस गाड़ी से नहीं आई। यह सुनकर सब लोग हंसने लगे। दरअसल अवंतिका अपने पति के साथ पहले ही एक साधारण कमरे में ठहर चुकी थीं। यात्रा उन्होंने तीसरे दर्जे में की थी और बापू की कसौटी पर खुद को खरा साबित किया। शाम को गांधीजी उन्हें समझाने लगे- किस तरह बड़हखा गांव जाकर काम शुरू करना करना है। इस पर कस्तूरबा ने कहा- %ये आज ही आए हैं और कल दीवाली है। दीवाली मनाकर जाएं।% %नहीं ऐसा नहीं होगा, इन्हें कल सुबह ही निकलना होगा।% गांधीजी का स्वर तेज था। %%एक दिन में क्या हो जाएगा?% %जनसेवक को निठल्ले नहीं बैठना है।% तभी अवंतिका बोलीं- %बापू, आप मुझे यह बताएं कि बड़हखा के कायाकल्प के लिए मुझे क्या करना है।% गांव की समस्याओं का तो वहीं जाकर अध्ययन करना होगा।

# भारत निर्माण में अभूतपूर्व योगदान है पंडित नेहरू का!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी सुख सुविधाओं को त्याग कर आजादी के आंदोलन में भाग लिया था। वे अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ लड़े थे। चाहे असहयोग आंदोलन की बात हो या फिर नमक सत्याग्रह या फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन हो ,उन्होंने गांधी जी के हर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की विश्व के बारे में जानकारी से गांधी जी काफ़ी प्रभावित होते थे और इसीलिए आज़ादी के बाद वह उन्हें प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते थे।महात्मा गांधी के ही प्रयास से वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री बन पाए। सन् 1920 में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ ज़िले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया था। सन 1923 में पंडित नेहरु अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव चुने गए।सन 1952 में देश मे पहले आमचुनाव हुए ,जिसमें कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री चुने गए। इससे पहले वह सन1947 में आज़ादी मिलने के बाद से अंतरिम प्रधानमंत्री थे। संसद की 497 सीटों के साथ-साथ राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। लेकिन जहाँ संसद में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ ,वहीं कुछ राज्यों में कांग्रेस को दूसरे दलों से ज़बर्दस्त टक्कर मिली थी। कांग्रेस पार्टी बहुमत हासिल करने में चेन्नई, हैदराबाद और त्रावणकोर जैसे शहरों में विफल रही थी, उसे कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ी टक्कर दी थी। हालाँकि इन चुनावों में हिन्दू महासभा और अलगाववादी सिक्ख अकाली पार्टी को मुँह की खानी पड़ी थी। पहले चुनाव के बाद से ही कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने दक्षिणी राज्यों में जनसमर्थन बढ़ाना शुरू कर दिया था, जिसके नतीजे सन 1957 में हुए चुनाव में उसे मिले। त्रावणकोर-कोचिन और मालाबार को मिला कर बने केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई।सन



1929 में जब लाहौर अधिवेशन में गांधी ने नेहरू को अध्यक्ष पद के लिए चुना था, तब से 35 वर्षों तक यानि सन 1964 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए पंडित नेहरू ने देश में विकास पटरी बिछाई थी , सन1962 में चीन से हारने के बावजूद, नेहरू अपने देशवासियों के आदर्श बने रहे। राजनीति के प्रति उनका धर्मनिरपेक्ष रवैया गांधी के धार्मिक और पारंपरिक दृष्टिकोण से भिन्न था। गांधी जी वस्तुतः सामाजिक उदारवादी थे, जो देश को धर्मनिरपेक्ष बनाने की चेष्ठा कर रहे थे। नेहरु लगातार आधुनिक संदर्भ में बात करते थे। वहीं गांधी प्राचीन भारत के गौरव पर बल देते थे।देश के इतिहास में एक ऐसा अवसर भी आया था, जब महात्मा गांधी को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पद के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू में से किसी एक का चयन करना था। लौह पुरुष के सख्त तेवर के सामने नेहरू का विनम्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण भारी पड़ा और वह न सिर्फ़ इस पद पर चुने गए, बल्कि उन्हें सबसे लंबे समय तक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की बागडोर संभालने का गौरव हासिल भी हुआ।

पंडित जवाहरलाल नेहरू एक महान् राजनीतिज्ञ , प्रभावशाली वक्ता ही नहीं, प्रसिद्ध लेखक भी रहे। उनकी आत्मकथा सन 1936 ई. में प्रकाशित हुई थी। उनकी अन्य पुस्तकों में भारत एक खोज, भारत और विश्व, सोवियत रूस, विश्व इतिहास की एक झलक, भारत की एकता और स्वतंत्रता और उसके बाद उल्लेखनीय हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में औद्योगीकरण को महत्व बहुत महत्व दिया। भारी उद्योगों की स्थापना को उन्होंने प्रोत्साहन दिया। विज्ञान के विकास के लिए सन1947 ई. में नेहरू ने %भारतीय विज्ञान कांग्रेस% की स्थापना की। भारत के विभिन्न भागों में स्थापित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनेक केंद्र इस क्षेत्र में उनकी दूरदर्शिता के स्पष्ट प्रतीक हैं। खेलों में नेहरू की खास रुचि थी। उन्होंने खेलों को मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया था। एक देश का दूसरे देश से मधुर सम्बन्ध क़ायम करने के लिए सन 1951 ई. में उन्होंने दिल्ली में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन कराया था। नेहरू ने भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना का लक्ष्य रखा था। उन्होंने आर्थिक योजना की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# मानसून की दस्तक - सरकारी योजनायें - डूबते शहर

### सूडोकु नवताल- 6083

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6082 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

निर्मल रानी

उत्तर भारत में मानसून दस्तक देने जा रहा है। निश्चित रूप से जो लोग भीषण गर्मी के प्रकोप से त्राहि त्राहि कर रहे हैं उन्हें वर्षा ऋतु से होने वाले मौसम परिवर्तन के बाद होने वाले तापमान में गिरावट से काफ़ी राहत महसूस होगी । परन्तु प्रकृति प्रदत्त यही राहत प्रायः उस समय मानव संकट में भी बदल जाती है जबकि मानसून में होने वाली यही बारिश इंसानों को सुकून व राहत देने के बजाये उसकी परेशानी,तबाही व बर्बादी का कारण बन जाती है। देश के कई राज्य आज भी ऐसे हैं जहाँ सरकार चाहते हुये भी बाढ़ के प्रकोप से इंसान व उसे होने वाले नुक़्सान को नहीं बचा पाती है। मानसून शुरू होते ही विभिन्न राज्यों की अनेक उफ़नती हुई नदियां प्रत्येक वर्ष मानवीय तबाही का नया इतिहास लिखती हैं। कहीं पुल बह जाते हैं ,कहीं बाँध टूट जाते हैं,कहीं पूरे के पूरे गांव बाढ़ की विनाशलीला की भेंट चढ़ जाते हैं। हम प्रत्येक वर्ष ऐसा हालत से जूझने के लिये मजबूर रहते हैं तथा इसे प्रकृतिक बाढ़ प्रकोप या इससे उपजी विनाश लीला समझकर इसे स्वीकार कर लेते हैं। हालांकि इसतरह की अनियंत्रित बाढ़ में भी भ्रष्टाचार एक बड़ा कारक होता है। मिसाल के तौर पर नदियों के किनारे बनने वाले बांधों के निर्माण में बड़े पैमाने पर होने वाला भ्रष्टाचार,अवैध खनन, कमज़ोर पुलों व पुलों के खम्बों का घटिया स्तर का निर्माण आदि। परन्तु बाढ़ के प्रकोप को %प्रकृतिक प्रकोप% मानकर सरकार स्वयं को किसी तरह की



ज़िम्मेदारी से बचा ले जाती है।

परन्तु शहरी इलाक़ों के डूबने की ज़िम्मेदार जहां मानवनिर्मित अनेक समस्यायें हैं वहीं सरकार की ग़लत योजनायें भी इसके लिये कम ज़िम्मेदार नहीं। उदाहरण स्वरूप शहरों में बनाई या मरम्मत की जाने वाली गलियां बार बार ऊँची से ऊँची की जाती हैं। और उनके दोनों तरफ़ की नालियों की गहराई को कम कर उसे और छिछला कर दिया जाता है। परिणाम स्वरूप अनेक मकानों का मुख्य स्तर गलियों व सड़कों से भी नीचे हो जाता है। इसकी वजह से थोड़ी सी भी बारिश का पानी मकानों में प्रवेश कर जाता है। और अगर बारिश तेज़ हो फिर तो गली मोहल्लों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। उधर हरियाणा के अंबाला जैसे विभिन्न राज्यों के विभिन्न शहरों में बरसाती तथा नालों के माध्यम से जल निकासी हेतु अनेक नये नालों का निर्माण किया गया है। इसी तरह प्रायः फ़्लाई ओवर्स के नीचे भी नाले बनाये गये हैं। आज यदि पूरी ईमानदारी के साथ इन नवनिर्मित नालों की स्थिति पर नज़र डाली जाये तो यह अधिकांश जगहों पर न केवल क्षति ग्रस्त मिलेंगे बल्कि ज़्यादातर नाले अवरुद्ध भी नज़र आयेंगे। तमाम जगहों पर यह नाले नालियां पूरी तरह ढके होंगे। इतने ढके कि इनकी न तो सफ़ाई की जा सकती है न ही इनमें जमे कीचड़ मलवे को निकाला जा सकता है। गोया सरकार, निर्धारित योजनानुसार निर्माण तो कर देती है। परन्तु उसे सुचारु रूप से प्रवाहित करने की ओर ध्यान नहीं देती। यदि करोड़ों रूपये ख़र्च करने के बावजूद नालों व नालियों से गन्दा पानी प्रवाहित नहीं हो रहा है और बजाये इसके यही नाली नाले शहरों में आने वाली बढ़ का कारण भी बने फिर जनता के पैसों की बर्बादी का आख़िर क्या औचित्य है ? शहरों के डूबने में सरकार के साथ साथ जनता भी कम दोषी नहीं है। जो गंदे नाले व नालियां गंदे घरेलू पानी या वर्षा जल को प्रवाहित करने के लिये होते हैं उन्हीं नालों में आपको मरे हुये जानवर,रज़ाई,गद्दे,कंबल,कपड़े,कांच व प्लास्टिक की बोतलें पॉलीथिन, प्लास्टिक,ईंट-पत्थर,जूते चप्पल,घरेलु कूड़ा करकट आदि न जाने क्या क्या पड़ा नज़र आयेगा। ज़ाहिर है यह कारगुज़ारी सरकार की नहीं बल्कि आम लोगों की है। हमारी और आप की है। हमें यह समझना होगा कि हम नालियों का इस्तेमाल केवल गंदे जल के प्रवाह करने के मक़सद तक ही करें। इन्हें हम कूड़ा घर क़तई न बनने दें। हम स्वयं भी ऐसा न करें और यदि कोई ऐसा करते दिखाई दे तो उसे भी मना करें। इन्हीं लापरवाहियों के चलते बरसात के दिनों में शहरों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है।

## विनाशकारी है, जातीय-जनगणना

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

खबर है कि 1 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीशकुमार एक सर्वदलीय बैठक बुला रहे हैं, जो बिहार में जातीय जनगणना की रुप-रेखा तय करेगी। पहले भाजपा इसका विरोध कर रही थी, अब वह भी इस बैठक में शामिल होगी। नीतीश इस सवाल पर दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल चुके हैं। जहां तक मोदी का सवाल है, वह जातीय जनगणना के पक्के विरोधी हैं। जब 2010 में जातीय जनगणना के विरुद्ध मैंने दिल्ली में जन-अभियान शुरु किया तो गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी ने मुझे कई बार फोन किया और हमारे आंदोलन को अपने खुले समर्थन का एलान किया। उस आंदोलन में कांग्रेस, भाजपा, समाजवादी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी के अनेक बड़े नेता भी सक्रिय भूमिका अदा करते रहे। सोनिया गांधी ने न्यूयार्क से लौटते ही पहल की और 'मेरी जाति हिंदुस्तानी' के आग्रह पर जातीय जनगणना रुकवा दी। मनमोहनसिंह की कांग्रेस सरकार ने उन आंकड़ों को प्रकाशित भी नहीं होने दिया, जो हमारे आंदोलन के पहले इकट्ठे हो गए थे। मुझे खुशी है कि नरेंद्र मोदी ने भी अपने प्रधानमंत्री काल में उसी नीति को चलाए रखा। अब नीतीश जो पहल कर रहे हैं, वह बिहार के लिए नहीं, सारे देश के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है। वैसे नेताओं में नीतीश मेरे प्रिय हैं। उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए हिंदी के लिए और बिहार में शराबबंदी के लिए मेरे कई सुझावों को तुरंत लागू किया है लेकिन यदि जातीय जनगणना उन्होंने बिहार में करवा दी तो यह बीमारी सारे भारत में फैल जाएगी। कर्नाटक और तमिलनाडु में उसकी असफल कोशिश हो चुकी है। अब छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र की सरकारें भी इसे अपने यहां करवाना चाहती हैं। यदि सभी प्रांतों में जातीय जन-गणना होने लगी तो भारत की एकता के लिए यह विनाशकारी सिद्ध होगी। जातीय अलगाव मजहबी अलगाव से भी अधिक जहरीला है। 1947 में भारत के सिर्फ दो टुकड़े हुए थे, अब भारत हजारों-लाखों टुकड़ों में बंट जाएगा। पिछली जनगणना में 46 लाख जातियों और उप-जातियों का पता चला था। एक ही प्रांत में एक ही जाति के लोग अलग-अलग जिलों में अपने आपको उच्च या नीच जाति का मानते हैं। यदि जातीय आधार पर आरक्षण और सुविधाएं बंटने लगीं तो कौन जाति के लोग अपने आपको पिछड़ा या दलित साबित नहीं करना चाहेंगे? जातीय जन-गणना सामूहिक लूट-खसोट का हथियार बन जाएगी।

# सरकार की अनेकों योजनाओं का आमजन को मिल रहा है लाभ

**मुरैना।** भारत सरकार व मध्यप्रदेश शासन की अनेकों योजनाओं का आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है, जिससे अनेकों लोंगों को राहत मिल रही है। इन योजनाओं से अनेकों किसान, मजदूर व छोटे व्यवसाई तो लाभान्वित हो ही रहे हैं। इसके अलावा अनेकों वेघर लोंगों का स्वयं का घर बनाने का सपना साकार हुआ है। वहीं आयुष्मान कार्ड ने आमजन को स्वस्थ रहने का मार्ग सुगम किया है।







## किसान सम्मान निधि पाकर परिवार में दोड़ी खुशियों की लहर

**मुरैना।** अरहेला जौरा जिला मुरैना निवासी सोवरन पुत्र सामल्यिा ने बताया कि किसान सम्मान निधि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। यह राशि मिलने से किसान के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन हो रहा है। यह राशि मेरे परिवार में मुझे मिली है, परिवार की खुशियां दोगुनी हो गई है। सोवरन ने बताया कि पहले कभी किसान सम्मान निधि की राशि किसानों को नहीं मिलती थी, किन्तु केन्द्र और प्रदेश में ऐसी सरकार आई है, जिन्होंने किसानों के दुख दर्द को समझा। उन्होंने किसान सम्मान निधि योजना बनाई है। जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 हजार रूपये और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 4 हजार रूपये किसानों के खातों में एक वर्ष में भेज रहें है। जिससे हमारे परिवार की खुशियों दोगुनी हो गई है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते है।

## अपने नये घर में बहुत खुश है श्रीमती मनोरमा और उनका परिवार

मुरैना। नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 33 सबिता पुरा निवासी श्रीमती मनोरमा पत्नि स्व. सुनील वर्मा मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। इस कारण गरीबी में जीवन यापन होता रहा और किराये के मकान में ही जिन्दगी निकल गई। पक्के मकान का मालिक बनना श्रीमती मनोरमा वर्मा के लिये एक सपने जैसा ही था। पिछले दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पक्के मकान की सौगात मिलने से श्रीमती मनोरमा वर्मा और उनके परिवारजन का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है, जिससे वे अब बहुत खुश है। श्रीमती मनोरमा वर्मा कहती है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में यदि 2.50 लाख रूपये की मदद नहीं मिलती तो वह कभी भी पक्के मकान का सपना साकार नहीं कर पाती। श्रीमती मनोरमा वर्मा ने बताया कि उसने अपनी थोड़ी सी जमा पूंजी लगाकर अपने आवास को और अच्छा व सुविधाजनक बना लिया है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कोटि-कोटि धन्यवाद देती हूं।

## गरीबों के लिये रामवाण बना आयुष्मान कार्ड

मुरैना। जौरा विकासखण्ड के ग्राम तोर तिलावली जिला मुरैना निवासी नरेश सिंह सिकरवार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड गरीबों के लिये लगातार रामवाण बनता चला जा रहा है। क्योंकि गरीब लोग पैसों के अभाव में समय पर ईलाज नहीं करा पाते थे, जिससे कई गरीब लोगों को तो अपनी जान गवाना पड़ती थी। भला हो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिन्होंने आयुष्मान भारत निरामय योजना प्रारभ की। इस योजना से गरीब व्यक्ति भी चिन्हित निजी नर्सिंग होम में ईलाज करा रहें है। तोर तिलावली के नरेश सिंह सिकरवार बताते है कि मेरी बाथरूम रूक गई थी, यहां के डॉक्टरों ने ग्वालियर ऑपरेशन के लिये बोल दिया था, चूंकि मेरे पास इतने रूपये नहीं थे कि मैं ऑपरेशन करा पाता। पड़ोसियों ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाकर ईलाज करवाओ। मैंने आयुष्मान कार्ड बनवाया। आयुष्मान कार्ड से मेरा निजी नर्सिंग होम में निःशुल्क ऑपरेशन हुआ और बाथरूम आ गई। मैं नरेन्द्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने हम जैसे गरीब लोगों के लिये आयुष्मान भारत निरामय योजना चलाई है। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## मुद्रा योजना श्रीमती रेखा गर्ग के लिये बनी सहयोगी

मुरैना। जौरा खुर्द मुरैना निवासी श्रीमती रेखा गर्ग पत्नि सतीश गर्ग ने बताया कि मुद्रा योजना मेरे जीवन में नई बहार लेकर आई है। मुद्रा योजना नहीं होती तो मैं अपनी जिंदगी की गाड़ी आगे चलाने में सदा के लिये असमर्थ बनी रहती। श्रीमती रेखा गर्ग ने बताया कि वर्षो से सपना देखा था कि मैं भी अपनी जनरल स्टोर की दुकान खोलूं, परन्तु इतनी राशि नहीं थी कि जनरल स्टोर खोलकर घर गृहस्थी का खर्च चलाने में पति का सहयोग कर सकूं। भला हो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिन्होंने मुद्रा योजना प्रारंभ की। इस योजना से मुझे दो लाख रूपये का मुद्रा ऋण जनरल स्टोर के खोलने के लिये बिना जमानत के स्वीकृत हुआ। मेरे द्वारा जनरल स्टोर खोल लिया है। अब मैं जो भी बचत करती हूं, उसे पति के साथ मिलकर घर गृहस्थी और बच्चो की पढ़ाई-लिखाई पर खर्च करती हूं। मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मध्यप्रदेश के युवाओं को आगे लाकर इस योजना से लाभ दिलाकर उन्हें उनके पैरों पर खड़ा किया है।

# हुंडई कार से डेढ़ लाख से अधिक की शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** नूराबाद थाना पुलिस ने बुधवार गुरुवार की देर रात मुरैना जिले में खपाने के लिए लाई जा रही अवैध देशी एवं मसाला शराब को एक हुंडई कार से बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बरामद शराब की कीमत डेढ़ लाख से अधिक बताई गई है तथा एक आरोपी जिस पर नूराबाद थाने में ही 15 मामले दर्ज हैं, वह भी साथ में पकड़ा गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में पंचायत एवं निकाय चुनाव को देखते हुए अभी से अवैध शराब को पकड़ने का अभियान आरंभ हो गया है और इनकी रोकथाम के लिए पुलिस मुस्तैदी से कार्रवाई कर रही है। बुधवार गुरुवार की देर रात 12 बजे नूराबाद थाना पुलिस को सूचना मिली कि करुआ मोड के आगे अवैध देशी शराब से भरी एक कार मुरैना की ओर जा रही है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी शैलेंद्र गोविल एवं उनकी टीम ने कार को घेर लिया तथा दो आरोपियों कली उर्फ भूपेंद्र गुर्जर निवासी जड़े रुवा एवं देवेंद्र गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। कार की तलाशी लेने पर 20 पेटी देशी मसाला शराब एवं 30 पेटी देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत एक लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है, वहीं हुंडई कार की कीमत 6 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी देवेंद्र गुर्जर पर नूराबाद थाने में पूर्व के 15 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें पांच प्रकरण 34 आबकारी एक्ट के हैं। इसके अलावा जिलेभर के थानों से भी उसका रिकॉर्ड मंगाया जा रहा है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक जयपाल सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक, आरक्षक रणधीर, अशोक, भूपेंद्र आदि की सराहनीय भूमिका रही।




# बच्चे को दवा दिलाने गए पिता की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत बच्चे को दवा दिलवाने गए पिता की सिकरोदा नहर के पास सडक पार करते समय चार पहिया वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में समर्थ है स्वाधीनता संग्राम का साहित्यः डॉ लालित्य ललित

## -आचार्य आनंद क्लब का आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वाधीनता संग्राम का युवा प्रेरक साहित्य विषय पर व्याख्यानमाला संपन्न

**मुरैना।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आचार्य आनंद क्लब द्वारा अभ्युदय आश्रम मुरैना में स्वाधीनता संग्राम का युवा प्रेरक साहित्य विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया नई दिल्ली के संपादक डॉ लालित्य ललित, नोएडा के कवि एवं प्रकाशक डॉ संजीव कुमार, अमृत महोत्सव के प्रांतीय अध्यक्ष अखिलेश शर्मा अखिल, संयोजक सूत्रधार डॉ सुधीर आचार्य, शिक्षाविद संजय उपाध्याय, अभ्युदय आश्रम की संचालिका अरुणा छारी, जिला पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा मंचासीन रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ लालित्य ललित ने कहा कि आचार्य आनंद क्लब ने आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत युवाओं को केन्द्र में रखकर जो विषय चुना वह अत्यंत प्रासंगिक है। वर्तमान दशा और दिशा में युवा मन की पड़ताल करते हुए डॉ सुधीर ने युवाओं में राष्ट्रीय भावनाओं की आवश्यकता गहराई से महसूस की है। स्वाधीनता संग्राम में प्रारंभ से लेकर और आज अभी तक युवा क्रांतिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दौर में लिखा गया साहित्य देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना से परिपूर्ण रहा है। तत समय का लेखन वर्तमान में भी वही राष्ट्रीय भाव, चेतना और प्रभाव पैदा करता है जो उस समय में करता था। इसलिए यह कहना सर्वथा सत्य है कि युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में स्वाधीनता संग्राम के समय लिखा गया साहित्य समर्थ है। व्याख्यानमाला में उपस्थित डॉ संजीव कुमार नोएडा ने वंदे वं मातरम् गायन के साथ अपनी बात की शुरुआत की और विभिन्न साहित्यकारों के स्वाधीनता संग्राम के अवदान को रेखांकित किया। डॉ संजीव कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति स्वाधीनता और वीर सपूतों पर केंद्रित पुस्तकों के प्रकाशन के लिए व स्वयं के प्रकाशन पर चंबल के लेखकों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट भी दिलवायेंगे लेकिन अपने गौरवमई अतीत को शहीद कर युवा पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करना चाहिए।





# गंगा दशहरा पर संपूर्ण भारतवर्ष में मनाई जायेगी गालव जयंतीः राकेश त्यागी

## - माता सती का पूजन कर किया अभियान का शुभारंभ

**जौरा।** हम ऋषयों की संतान है और उनमें से एक हैं महर्षि गालव, महर्षि गालव ने माँ गायत्री की उपासना की है और धरा पर वैदिक संस्कृति को जीवित रखने के लिए अपने वंशजों को हमेशा ही प्रेरित किया है, उनके अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर संपूर्ण भारत वर्ष में जहां जहां गालव वंशी निवासरत हैं वहां उनका पूजन किया जाएगा और 45सी क्षेत्र के जौरा में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह बात अखिल भारतीय गालव त्यागी ब्राह्मण महासभा के मनोनीत कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश त्यागी ने अपने वक्तव्य में कही। इस भव्य और शानदार आयोजन का शुभारंभ करने से पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश त्यागी ने वृंदावन धाम बदरपुरा मैं सती मां के मंदिर पर जाकर सर्वप्रथम पूजन अर्चन कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवाओं में जोश भरा। इस संपूर्ण आयोजन के संयोजन की जिम्मेदारी अखिल भारतीय गालव त्यागी भूमिहार ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीकेश त्यागी ने ली और मीडिया प्रभारी के रूप में एचएल ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एल एन त्यागी ने जिम्मेदारी संभालने की स्वीकृति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने मंसूबों को अवगत कराते हुए निधान मठ पर संपूर्ण समाज के बीच कथा स्थल पर कथा व्यास पीठ और भागवत पुराण की आरती के तत्पश्चात दलबल सहित 45सी क्षेत्र के गांवों का भ्रमण करते हुए युवाओं का आवाहन किया।






# नगर निगम मुरैना मैं सफाई व्यवस्था बदहाल, घरों के आगे मकान मालिक खुद कर रहे सफाई

## - निगम प्रशासन मूकदर्शक बना, पर्याप्त कर्मचारी लेकिन जगह-जगह लगे हैं कूड़े के ढेर

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना द्वारा इस समय स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रचार प्रसार इतनी तेजी से किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद सफाई व्यवस्था शहर में बदहाल पड़ी हुई है और इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। शहर के प्रमुख इलाकों में मुख्य चौराहों पर गंदगी के ढेर एवं उस पर विचरण करते आवारा पशु दिन भर देखे जा सकते हैं। यदि नगर निगम मुरैना से जानकारी प्राप्त की जाए तो लगभग एक हजार सफाई कर्मचारी पदस्थ हैं, जिनमें स्थाई, मस्टर व नियमित दैनिक वेतन भोगी एवं फिक्स पे शामिल हैं और इतने कर्मचारियों के होने के बावजूद शहर की हालत किसी कस्बे से कम नहीं। सफाई की स्थिति यह है कि वार्ड मैं कर्मचारी घूमते नजर जरूर आएंगे, लेकिन नाले नालियों की सफाई करना उचित नहीं समझते। नालियों की स्थिति देखी जाए तो कचरे का अंबार इतना लगा हुआ है, जिससे कभी भी कोई भी बीमारी फैल सकती है तथा नालों में भराव इतना है कि आगे बरसात के मौसम में पूरा शहर डगमगा सकता है। जिसमें कहीं-कहीं स्थिति यह बनी है, जो पुराने मकान हैं उनमें पानी भर सकता है और इसके चलते लोगों को और भी तमाम परेशानी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास एक तरफ न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय का शुभारंभ हुआ, उस समय से लोगों को बड़ी खुशी हुई के अब इस कॉलोनी मैं विकास की उम्मीद जागेगी, लेकिन यहां के प्रशासनिक अमले से उम्मीद करना बेमानी है।




# महापौर और अध्यक्षों के निर्वाचन में भी प्रदेश सरकार ने किया भेदभावः अशोक तिवारी

**मुरैना।** अभी हाल ही में तीन अध्यादेशों के बाद प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है, कि प्रदेश के 16 बड़े शहरों में महापौर का चुनाव जनता करेगी तथा नगर पालिका और नगर परिषद क्षेत्रों में अध्यक्ष का निर्वाचन पार्षद करेंगे। यह कानून अध्यादेश के रूप में राज्यपाल को प्रस्तुत कर राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद आज से मध्य प्रदेश में लागू हो गया है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व नपाध्यक्ष, माकपा नेता अशोक तिवारी के कहा है कि यह लोकतंत्र व संविधान के साथ विश्वासघात है। सन् 1992 में 73 वां और 74 वां संविधान संशोधन कर पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय सरकारों को बनाने और मजबूत करने का निर्णय लिया गया था। मध्यप्रदेश में दिसम्बर 1999 से महापौरों, नपाध्यक्षों और नगर परिषद अध्यक्षों के चुनाव जनता द्वारा हुए हैं। पहली बार भाजपा की प्रदेश सरकार ने जनता से उसके मताधिकार के द्वारा अध्यक्षों को चुनने के अधिकार को छीना है। इससे भाजपा की अंदरूनी कलह भी सामने आई है। यह जनता के साथ विश्वासघात तो है ही साथ ही लोकतंत्र को संकुचित करने का भी सरकार का प्रयास है। जो सामने आया है। जब महापौर जनता के वोट से चुने जाएंगे। तो नपा अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष क्यों नहीं चुने जाएंगे। इससे प्रदेश की लगभग 100 नगरपालिकायें और 240 के लगभग नगर परिषदें प्रभावित होगी। जिनमें धनबल, बाहुबल और सत्ताबल का खुला दुरुपयोग किये जाने की संभावना है। यह लोकतंत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के प्रतिकूल है। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में दो तरह की चुनाव प्रणाली जनता के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय की आलोचना करते हुए, प्रदेश सरकार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।



# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ पार्टी का हर कार्यकर्ता हमारी ताकत शक्ति का पुंज है ।

**बिलासपुर** – बुधवार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ नेतृत्व में बिलासपुर संभाग के संभागिय बैठक प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत जी महिला मोर्चा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी जी के विशिष्ट अतिथि में भाजपा कार्यालय कोरबा में संपन्न हुई।

बैठक का शुभारंभ भाजपा के आदर्श एवं भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी,श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तदुपरांत प्रथम वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष कोरबा वैशाली रतनापरखी के द्वारा संबोधित कर मीटिंग का शुभारंभ किया गया। तथा अपनी कार्ययोजना और अपने कार्य तथा संगठन की रूपरेखा से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराएं प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।।मुख्य अतिथि शालिनी राजपूत ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित किया कहां की पार्टी में संगठन की मजबूती हमारी आधारशिला है पार्टी का हर कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें शादी अमन किया कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बने इस हेतु हमें जमीनी स्तर पर संगठन बूथ लेबल और मजबूती से होकर खड़ा होना पड़ेगा साथ ही शालिनी राजपूत पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, संगठन के अध्यक्ष की कार्य योजना से रूबरू हो कर उन्हें दिशा निर्देश दिया की पार्टी में अनुशासनहीनता नहीं होनी चाहिए आपकी अनुशासनहीनता प्रदेश संगठन और प्रदेश भाजपा सरकार स्थापित करने में बाधा होगी मैं आप सभी से निवेदन करती हूं पार्टी की इमानदारी से सेवा कर पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार स्थापित किया जाना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीमती विभा अवस्थी प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ ने आव्हान किया और कहा की पार्टी के प्रथम पंक्ति पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता, बूथ लेवल पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का हमें सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह पार्टी के आधार स्तंभ है और उन्हें पूरा सम्मान कर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमें उन्हें पूर्ण सहयोग देना चाहिए। आज प्रदेश में कांग्रेस सरकार के द्वारा जन विरोधी नीतियों का विरोध करना चाहिए और समय-समय पर इन जनविरोधी नीतियों का आंदोलन के रूप में हमें विरोध करना है। सभी मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष भूत अध्यक्ष अपनी कार योजना से प्रदेश संगठन को समय-समय पर अवगत कराएं क्योंकि आपका विश्वास आपके पूर्ण सहयोग से ही प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार स्थापित किया जा सकता है हमारी यह कोशिश होनी चाहिए। आज हमें प्रदेश में इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आप सबके पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है हम चाहते हैं कि प्रदेश में सत्ता का पलट हो मगर यह बात किसी एक व्यक्ति के बस की नहीं है आइए हम सब मिलकर एकता के साथ संगठन का काम करें और प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों का वर्तमान सरकार का विरोध कर अपने पक्ष में जनता का आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त करें।







बैठक में शालिनी राजपूत विभा अवस्थी,चंपादेवी पावले,सुषमा खलखो,सुनीति राठिया, मीना शर्मा,मंजू सिंह, तृप्ति सरकार,वैशाली रत्नपारखी,संजू सिंह राजपूत, ललिता डिक्सेना, स्वाति कश्यप, ज्योति तिवारी, शीतला विश्वकर्मा ,देवकी साहू, उमा शुक्ला, ज्योति पांडे, रागिनी केशरवानी, आरती सिंह, रजनी भट्ट, मीनाक्षी मेहर, नेहा देवांगन, गायत्री साहू, सविता नामदेव, अर्चना रूनीझा, सुनीता साहू, विभा गौरहा, वर्षा ठाकुर, अनीता साहू, केशर ध्रुव, हेमकली पाटले, अनीता राजपूत, गौरी केवट, हरबाई यादव, रामिन पटेल, पुष्पा कशेर, पुष्पकला साहू, रानी यादव,गीतांजलि पटनायक, कल्याणी शाह, नवनीता कंवर, अंजुबाला बघेल,बुधवारा देवांगन,उमा देवी चक्रधारी,विभा सिंह लहरे,श्याम मिलन राठौर,मीरा पाव,चंद्रकली पात्रे,रेणुका राठिया सहित सभी मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। आज के इस संभाग स्तरीय बैठक का संचालन प्रदेश की महामंत्री श्रीमती विभा जी अवस्थी के द्वारा किया गया साथ ही इस कार्यक्रम का संभाग स्तरीय बैठक का आभार प्रदर्शन प्रदेश महामंत्री श्रीमती चंपा देवी पावले के द्वारा किया गया।

## सतीश सिकरवार बने किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष



गोहद भाजपा किसान मोर्चा की मंडल इकाई की घोषणा की गई जिसमें सतीश सिंह सिकरवार को गोहद नगर मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया पूर्व में सतीश सिंह सिकरवार पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विकास खंड संयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिंदू जागरण मंच में जिला महामंत्री जैसी जिम्मेदारियों का निर्माण किया बातचीत में श्री सिकरवार ने बताया संगठन में जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसका मैं पूरी कर्तव्य निष्ठा से पालन करूंगा किसानों के हित में सर्वप्रथम आगे आकर उनकी आवाज को उठाऊंगा और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो किसान हितेषी कार्यक्रम किसानों के हित में चलाए जा रहे हैं उनको किसानों के बीच में लेकर जाएंगे श्री सिकरवार के मनोनयन पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अविनाश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक जैन, मंडल महामंत्री आशीष शर्मा, विवेक गुर्जर मयंक काकर, मोनू बोहरे, ध्रुव शर्मा, विवेक श्रीवास, विवेक शर्मा, मयंक पटेल आदि शुभचिंतकों और मित्रों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई

# चतराराम ने लिखित में समाज से माफी मांगी

**पुष्पांजली टुडे**

**पाली**–सुमेरपुर गत 20 तारिख को परगना सुमेरपुर के 18 गांवो की समाज हित पर विचार विमर्श हेतु आम मिटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें सभी भाईयों ने अपनी अपनी बात समाज के सामने रखी जिसमें सरपंच साहब ने भी समाज हित के बारे मे बहुत ही बढ़िया सुझाव दिया जिसमें एक दो शब्दो को निशाना बनाकर किसी हमारे ही समाज बंधु ने उसको दुसरे समाज में गलत इरादे से पेश किया जिस पर दुसरे समाज के लोगों ने आपत्ति जताई और मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दी उस बात पर पेमाराम सरपंच ने बडा दिल रखकर आपसी भाईचारे की भावना से अफसोस भी जाहिर किया ।लेकिन उसके बावजूद भी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा धमकियां दी गई जिसको सीरवी विकास संस्थान के पदाधिकारियों व समाज बंधुओं द्वारा उस विडियो को बडे अधिकारियों के पास भेजा और जांच करवाई जिसमें पाया की पेमाराम द्वारा कोई गलत बात का जिक्र नही हुआ है। अगर आप पर मुकदमा दर्ज करवा भी लेंगे तो भी आप को निश्चिंत रहने के लिए कहा गया ।उस बात से संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सरपंच साहब को अवगत कराया ।और कोई बात की चिंता ना करने पर जोर दिया गया ।बिच बिच में भी दो दिन तक दो तीन बार दिन में सरपंच साहब से हर बात और हर स्थिति से अवगत कराते रहें और आगे क्या करना है उस पर भी विचार विमर्श चलता रहा ।उसके बाद पेमाराम सरपंच साहब ने अपना बडा दिल रखकर सबको एक साथ लेकर चलने का भाव रखते हुए जिस



व्यक्तित्व के लिए वो जाने जाते हैं उसी का उदाहरण देते हुए आपस बेठकर मामले को निपटाना ही सही समझा और अपनी सुझबुझ और समझदारी से मामले को आपस में निपटा कर आपने बड़प्पन का सबुत पेश किया है।महान है सरपंच साहब आपका व्यवहार और आपकी सोच लेकिन फिर भी सरपंच साहब की इतनी बेइज्जती किसी भी समाज बंधु को कैसे सहन होती है।इस बात पर सभी समाज के भाई बंधुओं ने और पदाधिकारियों ने अपने अपने स्तर पर उस चतराराम पर कल सुबह से ही दबाव डालना शुरू कर दिया था।जिसमें एक दो जन ने तो बहुत ही खरी खोटी सुनाई और उसको बहुत ही बुरी तरह से लताड़ा।फिर शाम को जयेशभाई भायल धणा वालो का जोश कहा ठंडा होने वाला था उन्होंने अपने अंदाज में उससे बातचीत करी और उसको माफीनामा का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के लिए बोला गया जो आप सबके सामने है और वोइस मैसेज भी आपके सामने है।समाज के युवाओं ने यह भी समझा दिया है कि किसी अच्छे व्यक्ति द्वारा अफसोस जताना मतलब की झुकना नहीं होता है यह उनकी महानता है उनके पिछे पुरा समाज खडा है।बहुत बहुत धन्यवाद है सभी समाज बंधुओं का संस्था के पदाधिकारियों का और विशेष जयेश भाई भायल का यह होती है समाज की एकता और समाज के हर भाई के प्रति मान सम्मान का भाव सरपंच साहब की तौहीन मतलब पुरे समाज की तौहीन समझते हुए समाज बंधुओं ने, गणमान्य नागरिकों ने, हमारे उच्च अधिकारियों ने, और विशेष रूप से संस्था के पदाधिकारियों ने और जयेश भाई ने अपने अपने स्तर पर चतराराम पर कार्रवाई करने की बहुत ही सराहनीय कोशिश की गई।

# विकास एवं जनमानस का जीवन बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा : डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

## सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ग्राम पारा में स्वास्थ्य मेला एवं उद्योग गढ़ में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र अटेर के ग्राम पंचायत पारा में स्वास्थ्य मेला एवं उद्योगगढ़ में विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए ग्राम पंचायत में सरपंच, पंच जिला एवं जनपद जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहता है, हम सब विकास के लिए समर्पित होकर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों का सहयोग कर अटेर के विकास को मजबूती प्रदान करें ताकि हम और अधिक विकास कर सकें साथ ही जब संस्थाओं पर हमारा परचम होगा जो शासन की विकास की कड़ी होती है तो योजनाएं पहुंचाने में हम पूर्ण रूप से सक्षम साबित होंगे द्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अटेर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है । मैं लगातार उनसे विकास पर ही चर्चा करता रहता हूं एवं इसी क्रम में अटेर के विकास और जनमानस का जीवन बेहतर बनाने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा, विकास में आर्थिक कमी नहीं आने दूंगा, मैं मंत्री नहीं जनसेवक हूं उसी इसी तरह अटेर के विकास के लिए हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा द्य





डॉ भदौरिया ने विधानसभा कहा कि अटेर क्षेत्र की एक भी रोड नहीं छोड़ी जाएगी एवं गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने कार्य किया जाएगा द्य

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया से ग्रामीणजनों ने कहा कि अटेर में आजादी के समय से लेकर आजतक जिन गाँवों में रोड पहुचीं ही नहीं थी, ऐसे गावों में आपने रोड देकर आमजन का जो दर्द समझा है, उसके लिए हम समस्त ग्रामवासियों की तरफ से तहेदिल से आपका आभार व्यक्त करते हैं अभिनंदन करते हैं द्य

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने परा में आयोजित स्वास्थ्य मेला में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ना रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को जिला अस्पतालों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचाने का कार्य किया है ताकि मरीजों को कोई कठिनाइयां ना हों द्य

स्वास्थ्य मेले को संबोधित करते हुए डॉक्टर भदौरिया ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी बीमार व्यक्ति चिकित्सा से वंचित नही रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सर्वे भवन्तुसुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुख भागभवेत् की परिकल्पना को साकार करनें की दिशा में लगातार कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा सभी के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड योजना बनाई जिसके तहत पांच लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज चिन्हित अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉभदौरिया ने कहा कि नागरिकों को अपना ईलाज कराने बाहर जाना पड़ता है जिससे उनका आधा पैसा आने जाने मे व्यय हो जाता है। भारत सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में खण्ड मुख्यालयों मे स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में हर रोग के विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहकर आम जनता की निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जन अपना पंजीयन कराते हुए स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाएं। परीक्षण उपरांत बेहतर ईलाज हेतु आवश्यकतानुसार मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। जिले में ग्राम रोजगार सहायक, सीएचओ एवं जीआरएस के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है, जिसका लाभ सभी जन उठाएं। आयुर्वेद चिकित्सा विभाग द्वारा वैद्य आपके द्वार योजना प्रारंभ की गई है। कोई भी व्यक्ति एप्प के माध्यम से आयुष चिकित्सकों को कॉल करके स्वास्थ्य योजना का लाभ उठा सकता है। मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए है, जहां संबंधित रोग का संबंधित परीक्षण किया गया। डॉ भदौरिया द्वारा स्वास्थ मेले में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, डिजिटल हेल्थ कार्ड एवं दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राईसाइकल एवं ऋत्रिम उपकरण वितरित किये।

मंत्री भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश और प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपकरण उपलब्ध कराएं मरीजों को अब कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा उन्हें सारी सुविधाएं जिला अस्पताल से लेकर के उप स्वास्थ्य केंद्र को पर उपलब्ध रहेंगी द्य उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं सफाई कर्मचारियों शान सेवी संस्थाओं एवं हमारे भाजपा कार्यकर्ताओं की सेवा भाव का कार्य कोविड-19 काल में देखने को मिला उन्होंने पीड़ित परिवारों की सेवा के लिए आगे आकर हर संभव उनकी मदद की और इस लड़ाई को जीतने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उनके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं । उन्होंने मेले में आए स्वास्थ्य परीक्षण कराने आम जनों से कहा की भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की जन सहयोग से वैक्सीनेशन अभियान टीकाकरण का चलाया जा रहा है । हम सब अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचकर परिवारों के बच्चों को पहला दूसरा डोज अवश्य लगवा कर इस लड़ाई को जीते और यही हमारी सुरक्षा का महत्व पूर्ण कवच है हमारी वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित है और जो लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं उनके बैक आने में हमें नहीं आना है हम पूर्ण रूप से जागृत होकर इस व्यक्ति सेशन अभियान में आगे आकर कार्य करें क्योंकि यही हमारी संजीवनी है द्य

भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया, रामवीर सिंह यादव, अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया राजीव सिंह भदौरिया रुदौली तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष रूप से मौजूद थे ।

सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं की सुनी समस्याएं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने

## डॉ अरविंद पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को ग्रामीणों से जिताने का किया आह्वान, कहा वोट आपका विकास हमारा

निवास स्थान मीरा कॉलोनी पर अटेर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनमानस से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को और इन निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया गया और कहा कि विधानसभा क्षेत्र अटेर एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेकर तत्काल उनका निराकरण किया जाए द्य

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन अटेर के परा में किया। उन्होंने स्वास्थ्य मेला निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ मेले में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करने के साथ कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं को 10 किलो एवं 8वीं के छात्र-छात्राओं को 15 किलो के मान से मूंग का वितरण किया। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में स्वयं की जाँच भी करायी। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अटेर क्षेत्र के ग्राम उदोतगढ़ में 246.16 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जिसमें 148.69 लाख की लागत से नलजल योजना का भूमिपूजन, 7.08 लाख की लागत से 03 सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण, 3.43 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण कार्य का लोकार्पण, 86.96 लाख की लागत से शा.उ.मा.वि. उदोतगढ़ भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया ।

# संकल्पों को पूरा करने से ही सफलता मिलती है: केन्द्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर

**ग्वालियर।** 26 मई 2022 केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में संस्था का अपना महत्व होता है। संस्था के रूप में जब हम सामूहिक संकल्प लेकर आगे बढ़ते हैं तो निश्चित ही सफलता मिलती है।

केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर गुरुवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपनी 116 बरस की सफल यात्रा मैं कई आयाम स्थापित किए हैं। यह इसलिए संभव हो सका कि जिन लोगों ने इसकी शुरुआत की उनका संकल्प मजबूत था और उनकी भावना पवित्र थी। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के उन सदस्यों को भी याद किया जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समय

- **केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ग्वालियर में चेंबर ऑफ कॉमर्स के 117 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे...**
- **श्री तोमर ने चेंबर के पूर्व अध्यक्षों का भी किया सम्मान**

देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वी वर्षगांठ के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यह समय अधूरे संकल्पों को पूरा करने का है। उन्होंने कहा कि जब हम इन संकल्पों को पूरा करने के लिए जुटेंगे तभी हम आजादी के सौवें बरस में आत्मनिर्भर और न्यू इंडिया बनेगा तथा दुनिया में भारत एक श्रेष्ठ भारत के रूप में स्थापित होगा।



इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विजय गोयल ने केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर का स्वागत किया साथ ही चेंबर के कोषाध्यक्ष श्री बसंत अग्रवाल ने चेंबर के इतिहास के बारे में बताया ही चेम्बर द्वारा किए गए विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी भी दी इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष श्री पारस जैन मौजूद रहे कार्यक्रम का विस्तृत संचालन मानसेवी सचिव डॉ प्रवीण अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यगण आम व्यापारी सहित आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के 117 वें स्थापना दिवस पर आज रात देश के प्रख्यात गायक अल्ताफ रजा नाइट का भी आयोजन किया गया है।

### यह पूर्व अध्यक्ष जिनको सम्मानित किया गया

- 1906-1910 श्री लाला भिखारी दास जी वैश्य इनका सम्मान इनकी पुत्री गरिमा वैश्य और अनामिका अग्रवाल ने लिया
- 1915-1916 सेठ फूलचंद जी राजा जी वाले उनका सम्मान इनके परिजन श्री अनूप सोगानी जी ने लिया
- 1943-1945 लालाराम जी दास जी वैश्य इनका सम्मान इनके परिजन श्रीमती सुजाता वैश्य जी ने लिया
- 1945-1991 बाबू दुर्गा प्रसाद जी मंडेलिया इनका सम्मान इनके ट्रस्ट के श्री गोविंद जी देवड़ा ने लिया
- 1991-1996 श्री श्री कृष्ण दास जी गर्ग काका इनका सम्मान इनके सुपुत्र श्री राजकुमार जी गर्गश्री विजय जी गर्ग ने प्राप्त किया
- 1996-2000 डॉ वीरेंद्र गंगवाल जी स्वयं उपस्थित हुए और उनको सम्मानित किया गया
- 2000-2003 श्री गोविंद दास जी अग्रवाल इनका सम्मान इनके सुपुत्र श्री दीपक अग्रवाल जी ने लिया
- 2003-2007 श्री सतीश जी अजमेरा इनका सम्मान इनकी धर्मपत्नी श्रीमती चंदा अजमेरा जी ने प्राप्त किया
- 2007-2011श्री जीडी लड्ढा जी स्वयं उपस्थित हुए और उन्हें सम्मानित किया गया
- 2011-2015 श्री विष्णु प्रसाद जी गर्ग अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं हुए इनका सम्मान उनके सुपुत्र श्री मयंक गर्ग जी ने प्राप्त किया
- 2015-2019 श्री अरविंद जी अग्रवाल विदेश यात्रा पर होने के कारण उपस्थित नहीं हुए इनका सम्मान उनके पुत्र श्री आदयंत अग्रवाल ने प्राप्त किया

## रात एक बजे थाना नरसिंहगढ और तीन बजे थाना श्यामपुर पहुँचे डीजीपी



**भोपाल।** बुधवार और गुरूवार की दरम्यानी रात पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना अचानक राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना तथा सीहोर जिले के श्यामपुर थाना पहुँचे और दोनों थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीजीपी श्री सक्सेना रात एक बजे नरसिंहगढ़ थाना पहुँचे, जहाँ उन्होंने थाना परिसर का गहनता से अवलोकन कर बड़ी संख्या में खड़े वाहनों को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की और विधिसंम्मत निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने थानें में लॉकअप, मालखाना, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया और मालखाने में अनावश्यक रूप से पड़े सामान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीजीपी ने वारंट रजिस्टर का अवलोकन कर सम्मन तथा वारंटों की तामीली की समीक्षा की एवं तामीली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नरसिंहगढ़ थाने के विभिन्न ग्रामों की विलेज क्राइम नोटबुक का अवलोकन किया तथा ग्रामीण अंचलों की आपराधिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। नरसिंहगढ़ शहर की कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। नरसिंहगढ़ थाने में लगभग दो घंटे निरीक्षण के बाद रात तीन बजे डीजीपी श्यामपुर थाना पहुँचे और संपूर्ण थाना परिसर का अवलोकन किया। डीजीपी ने श्यामपुर थाना क्षेत्र में बीट प्रणाली की समीक्षा की तथा पूर्व में पुलिस मुख्यालय द्वारा आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक को बीट प्रभारी बनाने के निर्देशों की तामीली की जानकारी प्राप्त की एवं बीट सिस्टम को ओर मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। डीजीपी ने थाना प्रभारी द्वारा की जा रही विवेचना के प्रकरणों की केस डायरी का भी अवलोकन किया तथा विवेचना में सुधार लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीजीपी श्री सक्सेना ने दोनों थानों में थाना परिसर की साफ-सफाई एवं पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## पूर्व पीएम नेहरू की प्रतिमा उपद्रवियों ने की खंडित, मचा बवाल

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में असामाजिक तत्वों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा खंडित कर दी. अब ये मामला यहां तूल पकड़ता जा रहा है. इसे लेकर कांग्रेस ने एक ओर पुलिस से शिकायत की है, तो दूसरी ओर प्रतिमा के शुद्धिकरण का फैसला किया है. मामले की गंभीरता देख पुलिस ने 6 युवकों को गिरफ्तार किया है. खास बात ये है कि युवक नशे के खिलाफ रैली निकाल रहे थे और खुद ही नशे में थे।

जानकारी के मुताबिक, शहर में नशे के विरुद्ध रैली निकाली जा रही थी. इस रैली का नेतृत्व मुख्य आरोपी कृष्ण कांत गौतम कर रहा था. ये रैली कलेक्ट्रेट के पास धवारी चौराहे पर समाप्त हुई. यहां पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की प्रतिमा स्थापित है. आरोपी इस प्रतिमा पर चढ़ गए और डंडे बरसाने लगे. उनकी इस हरकत का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मिडिया पर अपलोड कर दिया. अपलोड होते ही वीडियो वायरल हो गया।



### वीडियो हुआ वायरल

वीडियो वायरल होते ही बवाल मच गया. लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं. पुलिस के पास वीडियो पहुंचा तो वह भी एक्शन में आई. पुलिस ने आरोपी कृष्णकांत गौतम (22), शुभम शुक्ला (18), सुभाष सिंह (22), विवेक सिंह (18), विशन मांझी (25) और प्रभात बागरी (19) को हिरासत में लिया. इनके खिलाफ सिटी कोतवाली में कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया. आरोपियों के खिलाफ संपत्ति नुकसान अधिनियम 1984की धारा 3 के तहत भी मामला दर्ज किया गया है. पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## दतिया में एक दिवसीय प्रवास पर दतिया पहुंचे भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा

**भाजपा नेता डॉ सुकण मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 364 हितग्राहियों को दी 3 करोड़ 27 लाख राशि**

**भाजपा नेता डॉ सुकण मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 33 को दी 1 करोड़ से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यो की सौगात**

संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजलि टुडे



बुधवार को युवा भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा एक दिवसीय दतिया प्रवास के दौरान दतिया पहुंचे इस दौरान वृन्दावन धाम पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् 364 हितग्राहियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय किश्त के रूप में 3 करोड़ 27 लाख की राशि प्रदाय की इसके पूर्व उन्होंने दतिया शहर के वार्ड क्रमांक 33 में पहुंचकर 1 करोड़ 15 लाख से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यो को सौगात दी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा ने कहा कि आपके विधायक एवं गृह मंत्री के प्रयासों से जिले को विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो की सौगात दी है गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया को मेडीकल कॉलेज जिला अस्पताल का उन्नयनीकरण हवाई पट्टी वेटनरी कॉलेज फिसरीज कॉलेज आदि प्रमुख सौगातें दी है जिनका दतिया वासियों को लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा निःशुल्क राशन दिया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में बेटियों का विवाह कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर शादी तक की चिन्ता सरकार कर रही है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् आवास दिये जा रहे है अब सबके अपने पक्के मकान होंगे कार्यक्रम में योगेश सक्सैना अतुल भूरे चौधरी प्रशांत ढेंगुला सतीश यादव बृजेश यादव मानसिंह कुशवाहा जितेन्द्र अहिरवार श्रीमती सेवंती भगत दीपू सोनी गौरव दांगी रिंकू बुन्देला अंकित शर्मा राहुल पुरोहित रघुवीर कुशवाहा राकेश साहू धीरज रावत जितेंद्र अहीरवार आयुष सक्सैना सादाब खांन विजय झण्ड़ा गुरू संघर्ष यादव गोलू यादव आकाश भार्गव सीएमओ नगर पालिका अनिल दुबे नगर पालिका इस्पेक्टर अनुपम पाठक आदि उपस्थित रहे



## यंग इंडिया के बोल के माध्यम से युवाओं को मिलेगा राजनीति में अबसर

**प्रतियोगिता में चयनित युवा मंच के माध्यम से रख सकेंगे अपनी बात**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** बदलते दौर में युवा राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।रेली हो या किसी शासकीय कार्यालय का घेराव हर क्षेत्र में युवाओं में एक अलग ही जोश देखने को मिल रहा है। लेकिन कारण बस उन्हें मंच पर बोलने का मौका नहीं मिल पाता है।वह अपनी बात रखने से वंचित रह जाते हैं युवाओं के इसी जोश को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने यंग इंडिया के बोल सीजन 2 को प्रारंभ किया है।यह बात युवा कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रवक्ता अभिराज शर्मा ने गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों से कही। अभिराज शर्मा ने कहा कि यंग इंडिया के बोल केवल एक भाषण प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह अभिव्यक्ति का मंच है।जिस दौर में सरकार लोगों की बोलने की स्वतंत्रता छीनने का काम रही, उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मंच और अवसर प्रदान कर रही है। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे अनेकों ज्वलंत मुद्दे हैं, लेकिन सरकार अपनी विफलताओं एवं निकम्मेपन को छुपाने के लिए इन मुद्दों पर चर्चा और बहस करने के बजाय जनता को फिजूल के मुद्दों में उलझाकर उनका ध्यान भ्रमित करने का काम कर रही है। ऐसे में यह मंच देश के युवाओं की मुखर आवाज बनेगा। यह राहुल गांधी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। देश के आम युवाओं के वक्तव्य कौशल को बढ़ावा देना व उन्हें राजनीति की मुख्यधारा से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य व उद्देश्य हैं।इस मौके पर मुख्य रूप से आशीर्वाद शर्मा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विक्की कुशवाह,पार्षद राकेश जिला मीडिया प्रभारी रमेश सिंह कुशवाह,एनएसयूआई शिवांश शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# तंबाकू कर रहा है युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ तंबाकू के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक : डॉ आलोक पुरोहित

जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा आज फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा मैं एंटी तबेकौ तंबाकू पखवाड़े के अंतर्गत एक कार्यक्रम युवाओं को जागरूक करने हेतु किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को तम्बाकू के प्रति सतर्क करना था ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला तंबाकू प्रकोष्ठ नियंत्रण ग्वालियर के नोडल अधिकारी डॉ आलोक पुरोहित जी उपस्थित थे इन्होंने अपने उद्बोधन से सभी युवाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति एवं युवाओं का क्या रोल है इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की तंबाकू कर रहा है युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ इसके प्रति जागरुक होना अति आवश्यक उन्होंने बताया की धूमपान करना सार्वजनिक स्थान पर करना दंडनीय अपराध है एवं इस कानून का उलंघन करने वालो पर 200/-रु. तक का जुर्माना किया जा सकता है। इन नियमों को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मानसेवी सचिव डॉ के. के. दीक्षित जी ने की साथ ही उन्होंने सभी युवाओं को कार्यक्रम के उद्देश्य पर जानकारी दी उन्होंने यह भी बताया की सभी युवा मिलकर किस प्रकार से शहर में तंबाकू पर रोक लगा सकते है।







कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी उपस्थित उन्होंने सभी युवाओं को आगामी होने वाले पखवाड़े के बारे में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं उन्होंने संस्था की युवा गतिविधियों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा किया गया।एवं आभार संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी द्वारा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री पंकज अग्रवाल जी श्रीमती गीता सूर्यवंशी जी एवं कुमारी स्वाति तोमर जी का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम में कुल 45 युवाओं ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री जी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के प्रति मानवीय संवेदनाओं का परिचय दीजिएगा

ग्वालियर ,मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा ग्वालियर के द्वारा --प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री रविंद्र त्रिपाठी एवं प्रांतीय महामंत्री श्री अंबरीश गुप्ता के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के नाम से ज्ञापन संभाग आयुक्त महोदय को दिया गया मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के 30वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में यह ज्ञापन सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति में *नवीन संभाग आयुक्त कार्यालय ÷राजस्व भवन÷ पर* पहुंचकर एवं प्रदर्शन करते हुए संभागायुक्त को महोदय को ज्ञापन सौंपा गया शासन की कर्मचारियों के प्रति बेरुखी एवं असंवेदनशीलता कर्मचारियों में आक्रोश पैदा कर रही है कर्मचारियों की प्रमुख मांगे--

1-सभी संविदा कर्मचारियों एवं अध्यापक संवर्ग को पुरानी पेंशन योजना तत्काल प्रभाव से अन्य राज्यों की भांति लागू की जाए

(2)पदोन्नति की प्रक्रिया पूरे प्रदेश में कर्मचारियों /अधिकारियों और शिक्षकों के लिए लागू की जाए

(3)पेंशनरों को 14 त्न महंगाई भत्ते का लाभ केंद्रीय कर्मचारियों की भांति शीघ्र प्रदान किया जावे।



(4)प्रदेश की कर्मचारियों को केंद्र के समान 3त्न पर्सेंट महंगाई भत्ता के आदेश अतिशीघ्र (स्थानीय निकायों के निर्वाचन के पूर्व जारी) आदेश जारी किए जाएं।

(5)प्रदेश के स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की सेवाएं नियमित की जावें।

(6) अनुकंपा नियुक्तियों का समय सीमा में एक साथ सभी प्रकरणों का निराकरण अतिशीघ्र किया जाए ।

(7)प्रदेश के सभी कर्मचारियो को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति 300 दिवस का अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाए (8)जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन नियमित रुप से प्रति 3 माह की अवधि में अनिवार्य किया *जाए कभी वर्तमान में 3 साल से परामर्श दात्री समिति की बैठक बंद है ,* अति शीघ्र परामर्श दात्री समिति की बैठक कराये जाने निर्देश के जारी करें ।

संभाग आयुक्त महोदय ने आश्वस्त किया कि आज ही आपका यह ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री जी कार्यालय को प्रेषित कर दिया जावेगा जिन पर माननीय मुख्यमंत्री जी पूरी संवेदनशीलता से निर्णय लेंगे ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष श्री शिवदत्त भार्गव रवीन्द्र त्रिपाठी अंबरीश गुप्ता केके अवस्थी शिव कुमार द्विवेदी, सुनील पटेरिया, राम भरोसी शर्मा %लाला% राम शंकर हरदेनिया राजेंद्र सिंह कौरव रघुनंदन सिंह तोमर सूरज कौरव हाकिम सिंह कौरव रामबाबू कुशवाहा धर्मवीर गुर्जर बलवीर सिंह किरार जय प्रकाश शर्मा अजय श्रीवास्तव राकेश मिश्रा वीरेंद्र शर्मा डॉक्टर सेवाराम शर्मा मुकेश गुप्ता राधेश्याम गुप्ता प्रवीण मिश्रा सैकड़ों मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के सदस्य एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किशनबाग में सडक बनाने में बाधक बन रहे निर्माण हटाए



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा विकास कार्यों में बाधक निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आज बुधवार को वार्ड 1 में किशन बाग से ग्राम वरा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत रोड निर्माण के लिए रोड निर्माण में लगभग 100 भवनों के 2 से 5 मीटर तक भाग रोड निर्माण में बाधक है। जिसे अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रदीप तोमर, भवन अधिकारी श्री यशवंत मैकले, भवन निरीक्षक श्री राजीव सोनी, मदाखलत अधिकारी श्री सतेंद्र भदौरिया एवं राजस्व निरीक्षक श्री संजय अगरिया की उपस्थिति में हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। 15 भवन के भाग हटाये गए शेष लोगो द्वारा स्वयं हटाना प्रारम्भ किया। जिसे 2 दिन का समय दिया गया।

### फूटी कॉलोनी के विस्थापितों को ग्राम केदारपुर में पट्टे वितरित, जीईओ टेगिंग का कार्य प्रारंभ



ग्वालियर। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार फूटी कॉलोनी सिरोल से विस्थापितों को ग्राम केदारपुर में शासकीय पट्टे वितरित किये गए। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नोडल अधिकारी सम्पदा श्री अरविंद चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि फूटी कॉलोनी सिरोल से विस्थापित हुए 263 लोगों को शासकीय पट्टे वितरित किए गए तथा कलेक्टर द्वारा निर्धारित भूमि पर लेआउट अनुसार 450 बर्गफुट क्षेत्र में ही निर्माण किया जा सकता है। जिसके तहत निर्माण हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के (स्व निर्माण घटक )तहत 2.50 लाख रुपए दिए जाने की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा जीईओ टैगिंग का कार्य प्रारम्भ किया गया है।

### आपातकाल बंदियों को सम्मान निधि व अन्य सुविधाएं दिये जाने हेतु असम के मुख्यमंत्री से हुआ संवाद, दिया ज्ञापन

**आपातकाल बंदियों को सम्मान निधि व अन्य सुविधाएं दिये जाने हेतु असम के मुख्यमंत्री से हुआ संवाद, दिया ज्ञापन**



ग्वालियर। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद श्री कैलाश सोनी के नेतृत्व में एक शीर्ष शिष्टमंडल ने असम के मुख्यमंत्री सचिवालय में असम के लोकतंत्र सेनानियों को मध्य प्रदेश के पैटर्न पर सम्मान निधि एवं सुविधाएं दिए जाने हेतु एक ज्ञापन दिया. ज्ञापन के साथ मध्य प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम-2018 (क्रमांक-30) तथा नियम 18 सितंबर 2018 की अभिप्रमाणित प्रति ज्ञापन के साथ दी। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय मदन बाथम ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्यमंत्री सचिवालय में हुयी सयुंक्त बैठक में उनके निजी सचिव आईएएस प्रशांत कुमार ने बताया कि-असम प्रदेश में आपातकाल (1975-77) के दौरान सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से निरूद्ध रहे व्यक्तियों की सूची मंगवा ली है तथा उपरोक्त संबंध में मॉनिटरिंग करने के लिए राज्य शासन के द्वारा एक शीर्ष अधिकारी अधिकृत कर दिया गया है। अभी असम राज्य बाढ़ से संकटग्रस्त है, इसलिए आदेश निर्गमन की प्रक्रिया पूर्ण करने में थोड़ा विलंब हो रहा है।

# ग्वालियर की सभी शिक्षण संस्थाएँ स्टार्टअप के लिए मिलकर कार्य करें : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### स्टार्टअप कार्यक्रम को ब?ाने के लिए सभी शिक्षण संस्थाओं की प्रति सप्ताह कार्यशाला की जाए

### संभागीय कमिश्नर श्री सक्सेना स्टार्टअप कार्यक्रम के संबंध में विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद



ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ग्वालियर के संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना, जिला कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल बेल्जियम देश के ल्यूबिन शहर से स्टार्टअप के संबंध में जो अनुभव लेकर आए हैं उन अनुभवों का ग्वालियर के विकास में उपयोग करेंगे। यदि सभी लोग मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज यहाँ कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर में स्टार्टअप ईको सिस्टम को ब?ाने के लिये सभी विश्वविद्यालय, कॉलेज एवं इन्क्यूवेटरों के कुलपतियों, मेंटर तथा सलाहकारों से गुरूवार को एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस के राव, जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री प्रो. अविनाश तिवारी, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक शर्मा तथा विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि ग्वालियर अब बदल गया है। इसे और अधिक आगे ले जाना है। इसके लिये स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर को निर्देश दिए कि वे सभी विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों की एक डायरेक्टरी बनाएं, जिसमें सभी का बेसिक डाटा रहे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप योजना के संबंध में चर्चा करने के लिये पहले प्रति सप्ताह एक कार्यशाला का आयोजन किया जाए। बाद में यह कार्यशला माह में एक बार की जा सकती है। कार्यशाला के लिये एक समिति का गठन भी किया जा सकता है, जो चर्चा करके कार्यशाला का विषय तय करेंगे। उन्होंने कहा कि एक कार्यशाला में एक विषय लें। कार्यशाला का 6 माह का समय निर्धारित किया जाए। ताकि ग्वालियर निरंतर आगे ब?ता रहे।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि ग्वालियर को स्टार्टअप का हब बनाना है। ग्वालियर के एक्सपर्ट बच्चे सफल उद्यमी बनें। इसके लिये उन्हें सभी मिलकर प्रमोट करें। उन्होंने कहा कि एक ङ्क दूसरे से समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। साथ ही ईको सिस्टम विकसित किया जाए। इसमें किसी योजना की तरह लक्ष्य निर्धारित नहीं है। सभी स्टार्टअप सफल हों, ऐसे प्रयास किए जाएं। इसके लिये सभी को एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में मार्केट स्टडी तथा फंडिंग के ऊपर व्याख्यान होना चाहिए। इसी प्रकार शासन की ओर से किस-किस योजना के तहत सहायता दी जा सकती है, उसके ऊपर भी व्याख्यान कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्यक्रम को आगे ब?ाने के लिये समय-समय पर बैठक कर सभी के सुझाव लिए जायेंगे। नगर निगम कमिश्नर श्री किशोर कान्याल ने बेल्जियम के ल्यूबिन शहर के दौरे के अनुभव बताए। उन्होंने बताया कि बेल्जियम के स्टार्टअप सुनकर लगा कि ग्वालियर इस क्षेत्र में अच्छी स्थिति में है। लेकिन वहाँ पर लोग उत्पादन का पेटेंट अधिक कराते हैं।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बरई में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

### सांसद श्री शेजवलकर वर-वधुओं को आशीर्वाद देने पहुँचे

### 22 जोड़ों ने किया दाम्पत्य जीवन में प्रवेश



ग्वालियर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बरई में आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में 22 जो?ों ने परिणय सूत्र में बँधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बरई पहुँचकर वर-वधुओं को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिये आशीर्वाद प्रदान किया।

सांसद श्री शेजवलकर ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बेटियों के जन्म से लेकर प?ाई और विवाह तक का जिम्मा अपने ऊपर लिया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये बहुत उपयोगी साबित हो रही है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रत्येक दम्पति को 38 हजार रूपए का गृहस्थी का सामान एवं 11 हजार रूपए का चैक प्रदान किया गया। बरई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुए इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सर्वश्री मोहन सिंह राठौर, उत्तम सिंह बंजारा, गिर्राज धाक? एवं ग्राम पंचायत की प्रशासकीय समिति की प्रधान श्रीमती रचना कौरव भी वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने पहुँची थीं।

कार्यक्रम में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री राजीव सिंह एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बी एस हँस सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारियों का वेतन काटा, एक की सेवा समाप्ति के दिये निर्देश



ग्वालियर। उपायुक्त स्वास्थ्य डा अतिबल सिंह यादव द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 24 एवं 25 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 9 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनका एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही तीन माह से अनुपस्थित रहने पर सेवायें समाप्ति के निर्देश दिये। उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव ने वार्ड क्रमांक 65 और 66 में नरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने वाले 9 कर्मचारियों का 1 - 1 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। साथ ही 3 माह से ड्यूटी से गैर हाजिर रहने जापान पुत्र बद्रीनाथ की सेवाएं समाप्त की गई है। इसके साथ ही नेहा, हेमलता 14 दिन से ड्यूटी से बिना सूचना गैर हाजिर रहने पर शो काज नोटिस जारी किया गया है, तथा निरीक्षण के दौरान नेहा ,हेमलेता, अभिषेक ,लक्ष्मी अनूप, जापान, बद्री प्रसाद ,संजय दर्शन , लक्ष्मण ,देवी नंद किशोर कार्य से अनुपस्थित पाए गए। साथ ही समस्त सफाई संरक्षकों को ड्रेसकोड में समय पर आने की हिदायत दी गई।




### गिर्राज सेवा मंडल समिति ने रवाना किया निःशुल्क खाटू श्याम दर्शन हेतु 60 सदस्यी जत्था

ग्वालियर। श्री गिर्राज सेवा मंडल समिति (रजि) द्वारा निःशुल्क खाटू श्याम के दर्शन हेतु 60 सदस्यीय जत्था रवाना किया, समिति द्वारा प्रत्येक माह की शुल्क पक्ष को निःशुल्क यात्रा कराई जाती है, जिसमें भक्तों के आने-जाने से लेकर उनके विश्राम व भोजन आदि का प्रबंध समिति द्वारा किया जाता है, जिसका किसी भी भक्त से कोई अन्य शुल्क नहीं लिया जाता, जत्थे को एडिशनल एसपी राजेश दंडौतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478